

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 24 दिसंबर 2025

संवत 2082, पौष शुक्ल पांच मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 105 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ फिजाओं में धुला जहर

तृप्तिडिमरी ने एयरपोर्ट पर पैपराजी को दिखाया एटीट्यूड ◀◀ 6




# राष्ट्रपति आगमन को लेकर अलर्ट मोड में जमशेदपुर, सचिव और आईजी ने की समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 29 दिसंबर को जमशेदपुर और आदित्यपुर आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इस संदर्भ में वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और जोनल आईजी मनोज कौशिक ने परिसदन जमशेदपुर में कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक की।

बैठक में पूर्वी सिंहभूम के डीसी कर्ण सत्यार्थी, सरायकेला खरसांवा के डीसी नितिश कुमार सिंह, पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी पीयूष पांडेय, सरायकेला खरसावां एसपी मुकेश लुणायत सहित अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में परिभ्रमण मार्ग की मैपिंग, यातायात प्रबंधन, रास्ते से निर्माण सामग्री हटाने, बेरिकेटिंग, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, रिहर्सल, नो फ्लाई जोन और प्रोटोकॉल पालन जैसी तैयारियों की समीक्षा की गई।



समीक्षा बैठक के बाद सचिव और जोनल आईजी ने करनडीह स्थित कार्यक्रम स्थल, एनआईटी जमशेदपुर और एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्था का जायजा लिया और सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, डीडीसी नागेन्द्र पासवान, एडीसी भगीरथ प्रसाद, नगर आयुक्त आदित्यपुर, उप नगर आयुक्त जेएनएसी, डीटीओ, ट्रैफिक डीएसपी और सरायकेला खरसावां जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पलामू में नक्सली नेटवर्क पर शिकंजा, दो संदिग्ध चढ़े पुलिस के हत्थे

**संवाददाता**

**पलामू :** जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और सशस्त्र बल की संयुक्त गश्त के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति को धर दबोचा गया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने ग्राम नन्दपुर, सुरीन टोला में कार्रवाई की। पुलिस को देखकर दोनों संदिग्ध खेत की ओर भागने लगे, लेकिन गश्त दल ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान दुर्जन जाते (29 वर्ष) और विमल नाग (22 वर्ष) के तौर पर की गई। दुर्जन जाते ग्राम डिम्बुली, थाना मनोहरपुर और विमल नाग ग्राम राईबेड़ा, थाना गोईलकेरा के रहने वाला हैं। पुलिस ने दोनों की बारी-बारी से तलाशी ली। तलाशी में दुर्जन जाते के पास भाकपा माओवादी का



लाल रंग का पर्चा और विमल नाग के पास काला रंग का आईटेल कंपनी का कीपैड मोबाइल बरामद हुआ। दोनों संदिग्धों को दो स्वतंत्र गवाहों के सामने गिरफ्तार किया गया।

पुलिस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मनोहरपुर, थानेदार अम्मील एक्का, सिपाही मयंक प्रसाद, सिपाही रंजीत मुर्मू और अन्य जवान शामिल रहे।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग कार और गैरेज जलकर खाक



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र में बीती देर रात एक निजी गैरेज में अचानक आग लग गई। यह गैरेज हाथी घोड़ा मंदिर के पास स्थित था। आग की ऊंची लपटें दूर से ही दिखाई दीं, जिससे आसपास का इलाका अफरा-तफरी में बदल गया।

स्थानीय लोग और दुकानदार घबराकर बाहर निकल आए और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। सबसे पहले गैरेज में खड़ी एक कार में आग लगी, जो देखते ही देखते पूरे गैरेज तक फैल गई। गैरेज में मौजूद ज्वलनशील सामग्री और वाहन आग को और भड़का रहे थे।

कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह जल गई और गैरेज का ढांचा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

खुशी की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग बुझने के बाद साकची थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आग लगने के सटीक कारणों का पता लगा रही है। इस घटना में गैरेज मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### आईआईटी आईएसएम के छात्रों संग केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने की चाय पर चर्चा

# माइनिंग सेक्टर में महिलाओं को मिलेगी नौकरीः जी किशन रेड्डी

## अग्नि प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए विशेष व्यवस्थाः कोयला मंत्री

**संवाददाता**

**धनबादः** केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी आईआईटी आईएसएम कैंपस में स्थित रामधनी चाय दुकान पहुंचे। जहां संस्थान के छात्रों के साथ चाय पर चर्चा की और साथ में बैठकर चाय का लुत्फ भी उठाया। चाय पर चर्चा के दौरान छात्रों ने झरिया की समस्याओं को कोयला मंत्री के समक्ष रखा और केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

वहीं, छात्रों ने कहा कि झरिया में जिस तरह से माइनिंग हो रही है, ओबी डंप के कारण लगातार प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। जिसका प्रभाव आम लोगों के स्वास्थ्य के ऊपर पड़ रहा है। लोग गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। छात्रों ने कहा कि प्रदूषण के प्रभाव के कारण बच्चे दिव्यांग पैदा हो रहे हैं। यह स्थिति अभी झरिया की है, लेकिन अगर यही हाल रहा तो भविष्य में यह स्थिति पूरे धनबाद



की भी हो सकती है।

इस पर मंत्री ने छात्र को जवाब देते हुए कहा कि झरिया में लगी आग के कारण जो गैस निकल रही है, इस पर काबू पाना एक बात बड़ी चुनौती है। इन इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए 30 हजार आवास बनाए गए हैं। उनके लिए बेहतर सुविधाएं और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं।

झरिया में आग लगे हुए सौ साल से भी अधिक समय हो चुका है और स्थिति यह है कि कमर्शियल माइनिंग भी उस इलाके में चल रही है। उन इलाकों में बसे लोगों के लिए सरकार पहल कर रही है। कोल इंडिया और बीसीसीएल अधिकारियों के साथ एक बैठक रखी गई है। मंत्री ने कहा कि आजादी के पहले से इन इलाकों में माइनिंग हुई है। डीप में कोल छूट जाते हैं। माइंस क्लोजिंग का कार्य साइंटिफिक तरीके नहीं किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी का आदेश है कि चाहे जितने हजार करोड़ खर्च हो, माइंस क्लोज एक्टिविटी को हर हाल में करना है। पर्यावरण के क्षेत्र में काम करना है। माइनिंग में फिशरीज संसाधन को बढ़ाना है। सभी संस्थान को इसमें आगे लाया जाएगा। इसके लिए सभी की सहभागिता जरूरी है।

इस पर एक छात्रा ने सवाल किया कि छात्राओं को माइनिंग सेक्टर में प्लेसमेंट कम मिलता है। जिस पर मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में माइनिंग सेक्टर में काफी महिलाओं को नौकरी मिल सकेगी। लेबर कोड में इसके प्रावधान भी किए हैं। माइनिंग सेक्टर की कंपनियों में हम एक शिफ्ट महिलाओं की करने जा रहे हैं। बहुत जल्द यह लोगों को देखने को मिलेगा।



## घने कोहरे व लो विजिबिलिटी का असर, रांची एयरपोर्ट से 7 फ्लाइट कैंसिल, कई डिले

**रांची :** राजधानी समेत पूरा झारखंड घने कोहरे की चादर में लिपटा है। इस कारण विजिबिलिटी भी काफी लो हो गई है, जिसका असर उड़ान सेवाओं पर पड़ रहा है। रनवे पर दृश्यता बेहद कम होने के कारण आज रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कई उड़ानें कैंसिल कर दी गई। जबकि कुछ फ्लाइट्स निर्धारित समय से कई घंटें देरी से उड़ान भरीं।

एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, कोलकाता से रांची आने वाली फ्लाइट 7561 अपने निर्धारित समय सुबह 7:10 बजे के बजाय 9:40 बजे पहुंची। पुणे-रांची फ्लाइट 6ई 6484 8:25 बजे की जगह 10:25 बजे लैंड की। वहीं रांची से बेंगलुरु जाने वाली 6ई 6799 का प्रस्थान समय 8:55 बजे था, जो 10:55 बजे टेक ऑफ की। इसके अलावा हैदराबाद-रांची फ्लाइट 6ए 421 9:00 बजे के बजाय 10:45 बजे पहुंची। जबकि रांची-हैदराबाद फ्लाइट 6ए 398 9:30 बजे की जगह 11:15 बजे उड़ान भरीं।

कोहरे के कारण सात फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। इनमें 6ई 7089/7014, 6ई 7674/7235 और 6ई 7561/7562 (कोलकाता-रांची-कोलकाता), 6ई 6287/576 (दिल्ली-रांची-दिल्ली), आईएक्स 1239/1248 (बेंगलुरु-रांची-बेंगलुरु), क 1046/1047 (दिल्ली-रांची-दिल्ली) और आईएक्स 1237/1238 (मुंबई-रांची-मुंबई) शामिल हैं।

फ्लाइट्स कैंसिल और डिले होने के कारण एयरपोर्ट पर यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्री घंटों तक एयरपोर्ट पर इंतजार करते नजर आए। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि सुबह के समय दृश्यता मानक से नीचे चली गई थी, जिससे विमानों की सुरक्षित लैंडिंग और टेक-ऑफ संभव नहीं हो सका।

## ठाकरे भाइयों का बीएमसी चुनावों के लिए गठबंधन : एक साथ चुनाव लड़ने का किया ऐलान




**मुंबई :** मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से पहले उद्धव ठाकरे (शिवसेना यूबीटी) और राज ठाकरे (एमएनएस) के बीच गठबंधन अब आधिकारिक हो गया है।इससे महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिवसेना(यूटीबी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, बीएमसी के 3.5 सालों से चुनाव नहीं हुए हैं। इन्होंने(महायुति) उसका सारा पैसा लूट लिया है। जनता का कोई काम नहीं हुआ है। हम ये सभी मुद्दे जनता के बीच लेकर जाएंगे और जनता का विश्वास जीतेंगे ये(महायुति) लोग केवल पैसे और पावर के लिए आए हैं। इनके लिए राजनीति ताकत हासिल करना है और हमारे लिए राजनीति सेवा का माध्यम है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री संजय शिरसाट ने 2026 के नगर निगम चुनावों के लिए शिवसेना-यूटीबी और एमएनएस के गठबंधन पर कहा, अगर ये लोग चल जाते तो हाल ही में हुए नगर पंचायत चुनाव में उन्हें इतनी मार क्यों पड़ती? आज का यह गठबंधन उनकी मजबूरी है क्योंकि कांग्रेस भी उबाटा के साथ नहीं है, शरद पवार उनके साथ नहीं हैं तो उन्हें कोई न कोई तो चाहिए। जिस तरह डूबते को तिनके का सहारा होता है, उसी प्रकार वे(उद्धव ठाकरे) राज ठाकरे का सहारा लेना चाहते हैं हालांकि मुझे नहीं लगता कि इसका उन्हें ज्यादा फायदा मिलेगा।

# नितिन गडकरी भी दिल्ली के पलूशन से परेशान, बोले- 3 दिन में भी हो जाती है एलर्जी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली-एनसीआर में हर साल गंभीर होती जा रही प्रदूषण समस्या पर चिंता जताते हुए कहा है कि राजधानी में कुछ दिन रहने पर ही उन्हें एलर्जी की समस्या होने लगती है। उन्होंने यह बात दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। भाजपा नेता नितिन गडकरी वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर की पुस्तक के विमोचन समारोह में बोल रहे थे।

इस दौरान उन्होंने दिल्ली की बिगड़ती हवा को लेकर अपनी व्यक्तिगत परेशानी भी साझा की। उन्होंने कहा, ह्लमैं यहां तीन दिन रहता हूं और मुझे प्रदूषण की वजह से एलर्जी हो जाती है।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री



ने स्वीकार किया कि दिल्ली-एनसीआर में करीब 40 फीसदी प्रदूषण परिवहन क्षेत्र से आता है। उन्होंने कहा, ह्लमैं खुद परिवहन मंत्री हूं और यह सच है कि 40 प्रतिशत प्रदूषण परिवहन के कारण होता है।ह्व गडकरी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रदूषण से निपटने के लिए परिवहन क्षेत्र में बड़े और त्वरित बदलाव की जरूरत है।

केंद्रीय मंत्री ने जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) पर निर्भरता को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों पर आधारित ईंधन न सिर्फ प्रदूषण बढ़ा रहे हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर भी भारी बोझ डाल रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह कैसा राष्ट्रवाद है? जीवाश्म ईंधन सीमित हैं और प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। क्या हम इनका इस्तेमाल कम नहीं कर सकते? इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा क्यों नहीं दे सकते, जिससे शून्य प्रदूषण संभव हो?ह्व गडकरी ने बताया कि भारत हर साल करीब 22 लाख करोड़ रुपये जीवाश्म ईंधनों के आयात पर खर्च करता है। अपने अनुभव साझा करते हुए नितिन गडकरी ने अपनी एथेनॉल से चलने वाली फ्लेक्स-फ्यूल कार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह वाहन पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल है, प्रदूषण कम करता है, आयातित ईंधन पर निर्भरता घटाता है और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करता है। गडकरी का यह बयान ऐसे समय आया है जब दिल्ली की वायु गुणवत्ता एक बार फिर गंभीर स्तर पर पहुंच गई है। मंगलवार को राजधानी का 24 घंटे का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) 412 दर्ज किया गया, जिससे दिल्ली देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बन गया। वहीं, नोएडा 426 अदक के साथ देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की समस्या आने वाले दिनों में और गंभीर रूप ले सकती है।

## इसरो का ऐतिहासिक लॉन्चः एलवीएम3-एम6 ने ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट को एलईओ में स्थापित किया



**श्रीहरिकोटा :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। सतीश धवन स्पेस सेंटर (एसडीएससी एसएचएआर), श्रीहरिकोटा से इसरो के एलवीएम3-एम6 रॉकेट ने अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल की ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट को सफलतापूर्वक 'लो अर्थ ऑर्बिट' (एलईओ) में स्थापित कर दिया। यह एलवीएम3 रॉकेट के इतिहास में अब तक का सबसे भारी पेलोड (6,100 किलोग्राम) है। लॉन्च सुबह 8:54 बजे आईएसटी सेकंड लॉन्च पैड से हुआ। 43.5 मीटर ऊंचे और 640 टन वजन वाले इस रॉकेट ने लगभग 15 मिनट की उड़ान के बाद सैटेलाइट को 520 किलोमीटर की ऊंचाई पर 53 डिग्री इंक्लिनेशन वाली सर्कुलर ऑर्बिट में छोड़ा। यह इसरो की 100 प्रतिशत सफलता वाली एलवीएम3 सीरीज की छठी उड़ान है, जो पहले चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और वनवेब के 72 सैटेलाइट्स लॉन्च कर चुकी है। यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के माध्यम से एक समर्पित कमर्शियल डील का हिस्सा है। एएसटी स्पेसमोबाइल दुनिया का पहला स्पेस-बेस्ड सेल्युलर ब्रॉडबैंड नेटवर्क बना रही है, जो सामान्य स्मार्टफोन पर सीधे 4जी/5जी वॉइस, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और इंटरनेट डेटा प्रदान करेगा।

यह सैटेलाइट ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 सीरीज का पहला है, जिसमें 223 वर्ग मीटर का बड़ा फेज्ड एरे है, जो एलईओ में अब तक का सबसे बड़ा कमर्शियल कम्युनिकेशन एरे है। कंपनी पहले सितंबर 2024 में ब्लू बर्ड 1-5 लॉन्च कर चुकी है, जो अमेरिका और चुनिंदा देशों में कवरेज दे रहे हैं। ब्लॉक-2 सैटेलाइट्स 10 गुना ज्यादा बैंडविड्थ देंगे और दुनिया भर में कनेक्टिविटी गैप (लगभग 6 अरब मोबाइल यूजर्स) की दिशा में काम कर रहे हैं। इससे पहाड़ों, महासागरों और रेगिस्तानों में भी यह गैप खत्म किया जा सकेगा। इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने लॉन्च से पहले तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह मिशन भारत की कमर्शियल स्पेस लॉन्च क्षमता को वैश्विक स्तर पर मजबूत करता है। एएसटी स्पेसमोबाइल ने 50 से ज्यादा मोबाइल ऑपरेटर्स के साथ पार्टनरशिप की है।

## समाचार सार

### डॉ.अनीता चक्रवर्ती को बनाया गया नया ओएसडी

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीएचडी नामांकन प्रक्रिया में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए कड़ा कदम उठाया है। नामांकन कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर विश्वविद्यालय ने पीएचडी ओएसडी को बदल दिया है। गौरतलब है कि विवि ने इस वर्ष सितंबर माह में पीएचडी नामांकन हेतु अधिसूचना जारी की थी, जिस पर लगभग 500 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसके बावजूद अब तक नामांकन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कुलपति प्रो. कुनुल कंडिर ने तत्काल प्रभाव से प्रशासनिक फेरबदल का निर्देश दिया।

कुलपति के निर्देश पर मौजूदा पीएचडी ओएसडी को बदलकर डॉ. अनिता चक्रवर्ती को नया ओएसडी (पीएचडी) नियुक्त किया गया है। डॉ. चक्रवर्ती इससे पूर्व ओएसडी (जेनरल) के रूप में कार्यरत थीं। अब वे केवल परीक्षा विभाग में पीएचडी संबंधी सभी कार्यों का दायित्व संभालेंगी। वहीं, जेनरल सेक्शन में परीक्षा विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी नेतलाल मिर्धा को पदस्थापित किया गया है। अब वे जेनरल सेक्शन के कार्यों का संचालन करेंगे।

इसके अलावा, परीक्षा विभाग में कुमार जयंत को ए. एस. कॉलेज, देवघर से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर परीक्षा विभाग के जेनरल सेक्शन में पदस्थापित किया गया है।

सभी नवझपदस्थापित कर्मियों ने अपना-अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### एसकेएमयू में विंटर और क्रिसमस छुटी शुरू, 3 जनवरी से खुलेगा यूनिवर्सिटी

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक विंटर एवं क्रिसमस अवकाश शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय एवं इसके सभी अंगीभूत तथा संबद्ध कॉलेजों में आज से ही छुट्टी प्रभावी हो गई है। ज्ञात हो कि पूर्व निर्धारित छुट्टी सूची के अनुसार अवकाश 25 दिसंबर से शुरू होना था, परंतु कर्मचारियों की मांग को देखते हुए कुलपति ने अपने विशेषाधिकार का उपयोग करते हुए अवकाश को एक दिन पूर्व, यानी 24 दिसंबर से ही लागू कर दिया। विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार कुलपति को हर वर्ष पांच प्रतिबंधित अवकाश घोषित करने का अधिकार प्राप्त है, जिनमें से चार अवकाश वर्ष 2025 की छुट्टी सूची में पहले ही सहमिल किए जा चुके हैं। शेष एक अवकाश को कुलपति ने 24 दिसंबर को कर्मचारियों की मांग पर घोषित कर दिया। अवकाश की घोषणा के साथ ही विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय, पीजी विभाग, अंगीभूत और संबद्ध कॉलेज में शैक्षणिक व प्रसाशनिक कार्य बंद हो गए हैं। विंटर वेकेशन 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक चलेगा, जबकि 2 जनवरी को हजरत अली के जन्मदिवस पर विश्वविद्यालय पूर्व निर्धारित अवकाश के कारण बंद रहेगा। इसके बाद 3 जनवरी को विश्वविद्यालय खुलेगा, लेकिन 4 जनवरी (रविवार) तथा 5 जनवरी (गुरु गोविंद सिंह जयंती) के अवकाश के चलते अब विश्वविद्यालय में 6 जनवरी से पठन-पाठन और प्रशासनिक कार्य नियमित रूप से चलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवकाश अवधि के दौरान पूर्व निर्धारित परीक्षाएँ यथावत संचालित होंगी। इस बीच वर्ष 2026 के लिए राजभवन की ओर से एकीकृत छुट्टी सूची अब तक जारी नहीं की गई है, जिसके कारण विश्वविद्यालय ने अपनी ओर से एक प्रोविजनल छुट्टी सूची तैयार कर अनुमोदन के लिए राजभवन को भेज दिया है और उसी को अस्थायी रूप से जारी कर दिया है। राजभवन से निर्देश प्राप्त होने पर इसमें संशोधन संभव है। झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों के कर्मचारी दिसंबर माह भर इस सूची का इंतजार करते रहे और अब प्रोविजनल सूची जारी होने से उन्हें कुछ राहत मिली है।

### 184 वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का हुआ पाठ


**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 184 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेश ढांढनीया ने अखंड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। यजमान सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया अशोक लड़ियां कार्यकारणी सदस्य राजेश कटारूका रिषभ कुमार हर्ष कृष्णा अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।

**खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार आज :** पौष शुक्ल पक्ष पंचमी बुधवार को खाटू नरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया जाएगा। संध्या 5:30 बजे के उपरांत भक्तों को दर्शन सुलभ हो पाएंगे। ज्ञातव्य हो कि अमावस्या महास्नान अनुष्ठान के बाद से बाबा भक्तों को अपने श्यामल रूप में दर्शन दे रहे थे। यह जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

### महालक्ष्मी संग भगवान वेंकटेश्वर का हुआ महाभिषेक

**रांची :** 14 जनवरी को समापन होने वाला यह धनुर्मास का व्रत नियम - निष्ठा के साथ मनाया जा रहा हैं । धनुर्मास व्रत के आठवें दिन भगवान श्रीवेंकटेश्वर ,भगवती महालक्ष्मी श्रीदेवी, महालक्ष्मी भूमि देवी ,श्रीपति भगवान ,उत्सव विग्रह भगवान और आयुधवर चक्रराज सुदर्शन का विधिवत तिरूवाराधन करके दूध, दही, हल्दी ,चंदन, नारियल जल, गंगाजल, केसर युक्त जल और शहद से पृथक -पृथक क्रमानुसार महाभिषेक कराया गया। भांति-भांति के उपचार एवं मंत्रों के प्रयोग के साथ महाभिषेक हुआ । फिर सभी प्रतिष्ठापित विग्रहों को रेशमी वस्त्रों से आवृत करके फिर दिव्य सद्भूषणों से सुसज्जित किया और नक्षत्र, कुंभ एवं कर्पूर की बाती से महाआरती हुई । भगवान को आज के नए ह्यकीलवानम ह्य नामका पोशाक धारण कराया। कीलवानम का अर्थ- पूरब दिशा से प्रातः का प्रकाश होता है। खीर,पोंगल,चटनी,फल और मेवे का बालभोग निवेदित किया गया।

### सोसो में बिहंगम योग का सत्संग का आयोजन



**मुरी :** सिल्ली के सुदूरवर्ती गाँव सोसो ग्राम में बिहंगम योग का सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग कार्यक्रम में प्रवचन के माध्यम से लोगों को ज्ञान दिया गया कि सदगुरु के अज्ञा में रहकर, अमृत उपदेश के अनुसार चलना ही उतम जीवन है। उनके नियम आज्ञा के बिरूद्ध, स्वतंत्र रूप जीना काल इच्छा के रूप अधोपतन के कारण है। इस मौके पर ग्रामवासियों एवं आश्रम के बच्चों को कंबल वितरण किया गया। साथ ही एक्युप्रेशर के डाक्टर उमाशंकर मालाकार एवं मुनमुन मालाकार द्वारा निशुल्क जांच की गई। इस सत्संग कार्यक्रम में रांची जिला संयोजक गुरु भाई सचिदानंद शर्मा, मंच संचालन गुरु भाई प्रविन्द चोधरी, दिनेश गुरु भाई, सह संयोजक राज कुमार गुरु भाई, प्रचारक मनोज गुरु भाई, शंकर गुरु भाई, योगेश गुरु भाई, सिल्ली के स्थानीय गुरु भाई बहनों में अमित , जितेंद्र, गणेश प्रसाद साहु, उपेन्द्र, भेंगराज, राजेन्द्र समेत ग्रमीण गुरु भाई बहनों ने प्रवचन सुनकर आत्मसात किया। दुसरी तरफ सिल्ली पुलिस ने बंसिया पंचायत भवन में गरीब और जरुरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। साथ ही नशे से दूर रहने की आग्रह किया। आसपास के क्षेत्रों में नशे के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया।

ऑड्रे हाउस में आयोजित दो दिवसीय जनजातीय स्वशासन महोत्सव का हुआ उद्घाटन

# झारखंड में पेसा कानून लागू करना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री

संवाददाता

206

**रांची :** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि झारखंड में पेसा कानून लागू करना सरकार की प्राथमिकता है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बहुत तेजी से पेसा कानून लागू करने की दिशा में प्रयासरत है। लोगों से मिले सुझाव पर हमने विचार कर सारा मसला कैबिनेट को समर्पित कर दिया है । वे मंगलवार को ऑड्रे हाउस में आयोजित दो दिवसीय ह्लनाची से बाची ह्लजनजातीय स्वशासन महोत्सव के उद्घाटन के बाद बोल रही थी । इस अवसर पर मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह ने पंचायत पत्रिका का लोकार्पण किया तथा पंचायत पोर्टल का भी उद्घाटन किया।



**स्वशासन लागू कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपनों को पूरा करेंगे :** मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हमारी सरकार ऐसा पेसा कानून पेश करेगी जिससे पूरा देश झारखंड का उदाहरण पेश कर सकेगा। उन्होंने कहा कि सुशासन सुनिश्चित होना चाहिए। ग्राम सभा को सशक्त किया जा रहा है। हम लोग किसी व्यक्ति विशेष को सुरक्षित न कर समूह को सुरक्षित करने की दिशा में प्रयासरत है। ग्राम सभा में हर समाज के लोगों को अपनी बातें रखने का अधिकार होगा। उन्होंने कहा कि स्वशासन लागू कर हमलोग दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपनों को पूरा कर पाएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पेसा कानून को लागू कर सुशासन को मजबूत करना सरकार की जिम्मेदारी है और हम जल्द ही इस मुकाम तक पहुंच जाएंगे।

निदेशक पंचायती राज राजेश्वरी बी ने कहा कि आज आयोजित हो रहे इस दो दिवसीय नाची से बाची जनजातीय स्वशासन महोत्सव में कई तकनीकी सत्र भी होंगे। जिसमें पेसा से संबंधित कई पहलू पर विचार किया जाएगा। इससे पूर्व नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची के प्रोफेसर रामचंद्र उरांव ने कहा कि राज्य के अधिकतर आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है अतः राज्य को यह प्रयास करना चाहिए ग्रामीण क्षेत्र को मजबूत करना है और उनके स्वशासन व्यवस्था के अनुरूप कानून बनाये । पद्मश्री रामदयाल मुंडा के सुपुत्र शोधार्थी गुंजन ईकिल मुंडा ने कहा कि हम आधार को भूल जाते हैं । मंडा यात्रा को देखें तो लगेगा कि वहां नाच गाना हो रहा है पर उसकी आत्मा स्वशासन है पहले व्यवस्था एक छोटा स्थान पर वहां बैठक कर लोग संवाद करते हैं बात के दौरान जो निर्णय लिया जाता है वही प्रजातंत्र है स्वशासन का आधार यही छोटी-छोटी चीज हैं उन्होंने कहा शासन एवं स्वशासन निरंतर प्रयोग में लाने की चीज इसे लिखित किताबों से तुलना नहीं किया जाता है । वरिष्ठ साहित्यकार महादेव टोप्पो ने कहा कि नाची से बाची को हम लोग कम समझ पाते हैं इसके पीछे के दर्शन को समझना होगा ,हमारे आसपास जो प्राकृतिक संसाधन है उसे देखभाल करने की आवश्यकता है आज आदिवासियों की भाषा संस्कृति को चिंतन एवं मनन करने की आवश्यकता है ।

इस अवसर पर विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे।

चोरों का मनोबल सातवें आसमान पर, एक ही रात में आधा दर्जन दुकानों को बनाया निशाना

## दुकानदारों में मचा हड़कंप,ग्रामीणों में दहशत

## दुकानदारों में मचा हड़कंप,ग्रामीणों में दहशत




संवाददाता

201


**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। चोर लगातार दुकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं, पुलिस के द्वारा लगातार चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन प्रयास विफल साबित हो रही है। इसी कड़ी में एक बार फिर चोरों ने एक साथ आधा दर्जन दुकानों का ताला तोड़कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया और मौके से चंपत हो गए। मामला हंटरगंज थाना क्षेत्र के झारखंड - बिहार सीमा पर स्थित गोसाईडीह मेन बाजार स्थित भीड़-भाड़ इलाके की है। जहां बीती रात गोसाईडीह के सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। एक दुकानदार जब मंगलवार की अहले सुबह जगा तो मोबाइल में देखा कि उसकी दुकान की सीसीटीवी कैमरा बंद है इसके बाद उन्होंने पड़ोसी दुकानदार को फोन के माध्यम से सूचना दिया। सूचना मिलते ही जब दुकानदार पहुंचा तो देखा कि एक साथ छः दुकानों का ताला टूटा हुआ था। दुकान में रखे कीमती सामान सहित कैश पर चोरों के द्वारा हाथ साफ किया गया था। जिसके बाद दुकानदारों ने इसकी सूचना हंटरगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार और पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और चोरी घटना का जायजा लिया। अज्ञात चोरों ने पूजा ज्वेलर्स के संचालक पप्पू सोनी से 2.534 किलोग्राम चांदी 40 ग्राम और गल्ला से 5000 कैश लेकर चंपत हुए। इसी प्रकार भूपेंद्र प्रसाद की चंद्रवंशी किराना दुकान से 4 हजार नगद,4 हजार की समान, बब्लू कुमार के साक्षी जेनरल से 4 हजार नगद, बजरंगी विश्वकर्मा की चंद्रलोक स्टूडियो से डीएसएलआर कैमरा, गुप्ता हार्डवेयर से 4000 नगद और काजल वस्त्रालय से 12000 कैश लेकर चंपत हुए है।

**क्या कहते हैं स्थानीय दुकानदार और ग्रामीण :** वहीं स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों ने बताया कि गोसाईडीह में लगातार चोरों के द्वारा दुकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है लेकिन पुलिस रात में गश्ती का दावा करती है। अगर पुलिस की गश्ती सही ढंग से रहती तो आए दिन चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम नहीं दिया जाता। उन्होंने यह भी कहा कि चोरों का मनोबल सातवें आसमान पर है। उन्होंने बताया कि सभी दुकान का ताला तोड़कर गल्ला से सारे कैश और ज्वेलर्स दुकान से कीमती सामान चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है।फिलहाल इस घटना के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया और पुलिस के खिलाफ नाराजगी भी दिखाई दे रही है। इस घटना की जानकारी के बाद हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार और पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा दल बल के साथ पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुट गए है। हजारीबाग से फोरेंसिक टीम बुलाई गई है, टीम के द्वारा फिंगर प्रिंट का सैंपल लिया गया है। पुलिस हर एक पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है, सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

महिला थाना ने चलाया जागरूकता अभियान

## अफीम खेती,डायल 112, 1930 एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में किया गया जागरूक

**चतरा :** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर महिला थाना प्रभारी पुअनि सुषमा कुमारी के नेतृत्व में इन्दुमती टिबड़ेवाल, सरस्वती विद्या मंदिर, चतरा में उपस्थित छात्र छात्राओं के बीच महिला से संबंधित मामले जैसे झ बाल विवाह, लैंगिक अपराधों, घरेलु हिंसा, महिला उत्पीडन और डायल 112 से संबंधित जानकारी दी गई। बताया कि यदि किसी भी प्रकार की घटना होती है तो इसकी सूचना



तुरंत 112 में दी जाए।साथ ही साथ सडक सुरक्षा एवं सडक सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने हेतु जानकारी दी गई । साईबर अपराधो से संबंधित मामलो के लिए डायल 1930 के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साईबर अपराध से बचने के लिए जानकारी देते हुए कहा गया कि लालच में आकर किसी भी अंजाने लिंक, अंजाने कॉल का उत्तर, लेने देने संबंधित ओटीपी को शेयर ना करें एवं अफीम की खेती एवं बिक्री के रोकथाम हेतु बताया गया। साथ ही साथ वरीय पदाधिकारियों का नम्बर उपलब्ध कराते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार का यदि अपराध होता है या परेशानिया होती है तो इसकी जानकारी महिला थाना को या फिर उपलब्ध कराये गये वरीय पदाधिकारियो के नम्बर में संर्पक करे ।

## जनता दरबार से जनसमस्याओं का हुआ त्वरित समाधान

संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिले के सभी अंचलों में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रांची जिले के सभी अंचलों में जनता दरबार का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया।

जनता दरबार के दौरान जाति, आय, आवासीय, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, पंजी-2 में सुधार, दाखिल-खारिज, लगान रसीद, पेंशन, मुआवजा एवं अन्य राजस्व कार्यों से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया।

सोनाहातू अंचल में तत्काल प्रमाण पत्र निर्गत करने के साथ-साथ वज्रपात जैसी आपदाओं से मृतकों के आश्रितों को ?4 लाख की मुआवजा राशि आरटीजीएस के माध्यम से प्रदान की गई।

जनता दरबार के दौरान राज्य सरकार की आपदा राहत नीति के तहत विभिन्न अंचलों में वज्रपात, पानी में डूबने एवं सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को निर्धारित मुआवजा राशि प्रदान की गई, जिससे पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत मिली।

इसके अतिरिक्त जिला के शेष अंचलों में भी जनता दरबार के दौरान प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया गया। इस अवसर पर संबंधित अंचलाधिकारियों ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाना तथा उनकी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर शीघ्रता से करना है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेर्शानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार का नियमित आयोजन कर सरकारी सेवाओं को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जा रहा है।

जिला प्रशासन रांची द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक मंगलवार को अपने-अपने अंचलों में आयोजित जनता दरबार में उपस्थित होकर इस पहल का लाभ उठाएं।

सुशासन सप्ताह 2025: प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कार्यशाला संपन्न

## कार्यालयों में प्राप्त शिकायतों का हो त्वरित निष्पादन:उपायुक्त



संवाददाता

**चतरा :** सुशासन सप्ताह 2025 के अवसर पर ह्लप्रशासन गांव की ओरह्व अभियान के तहत समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर सेवा प्रदायगी को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा।कार्यशाला में स्वास्थ्य, शिक्षा, शिकायत निवारण, सार्वजनिक कार्य सहित विभिन्न विभागों से जुड़े सुशासन के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सरकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु आवश्यक रणनीतियों पर मंथन किया गया।उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालयों में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जानकारी अथवा शिकायत लेकर आने वाले आम नागरिकों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा उन्हें समुचित एवं स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि जनता को किसी प्रकार की अनावश्यक कठिनाई न हो।कार्यशाला के दौरान विरहोर टोला सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क एवं मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता को चिन्हित करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए।कार्यशाला में जानकारी दी गई कि सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2025 तक जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंडवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में 19 से 22 दिसंबर 2025 तक कुल 93 शिविर लगाए गए, जिनमें जन समाधान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्राप्त 306 शिकायतों में से 224 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है।इसके अतिरिक्त, शिविरों के दौरान सर्टिफिकेट से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम के प्रथम दिन 494 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 389 का निष्पादन किया गया। दूसरे दिन 972 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 762 का निष्पादन हुआ। तीसरे दिन 1757 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1369 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष आवेदनों एवं शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के भी निर्देश दिए गए।कार्यशाला में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा,डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, ईडीएम चतरा, डीपीओ यूआईडी, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## रांची जिले में 3.93 लाख लाभुकों को 98.27 करोड़ का भुगतान

**रांची :** क्रिसमस के अवसर पर झारखंड सरकार ने राज्य की महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले में नवंबर की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत जिले की कुल 3 लाख 93 हजार 84 महिलाओं के बैंक खातों में आधार बेस्ड डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 2500 रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 98 करोड़ 27 लाख 10 हजार रुपये की राशि भेजी गई है। जिले के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में योजना का लाभ व्यापक स्तर पर पहुंचाया गया है। कांके प्रखंड में सर्वाधिक 31 हजार 781 लाभुकों को भुगतान किया गया, जबकि सदर शहरी क्षेत्र में 25 हजार 38, सिल्ली में 21 हजार 390, मांडर में 23 हजार 308 और बेड़ो में 20 हजार 761 महिलाओं को सम्मान राशि मिली है। इसके अलावा अनगड़ा, बुढ़मू, चान्हो, नगड़ी, नामकुम, रातू, तमाड़ सहित सभी प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों में लाभुकों के खातों में राशि स्थानांतरित की गई है। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि क्रिसमस प्रेम, सेवा और खुशियों का पर्व है। ऐसे पावन अवसर पर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को सम्मान राशि का भुगतान राज्य सरकार की ओर से स्नेहपूर्ण उपहार है।

# कर्मियों का कल्याण सरकार की पहली प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

## झारखंड के सरकारी कर्मचारियों को हवाई दुर्घटना पर मिलेगा 2 करोड़ का बीमा

**संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए एक बड़ी खबर है। झारखंड सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच वेतन एवं पेंशन खाता पैकेज को लेकर समझौता हुआ है। इस एमओयू के जरिए कर्मचारियों को बिना किसी अतिरिक्त प्रीमियम के करोड़ों रुपये तक की निःशुल्क बीमा सुरक्षा मिलेगी। इस दौरान झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कर्मचारियों के परिजनों को मजबूत आर्थिक सहायता

इस पहल को कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा है। इस समझौते के तहत राज्य सरकार के स्थाई, संविदा कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों को बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बिना किसी अतिरिक्त प्रीमियम के निःशुल्क बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही कठिन परिस्थितियों में यह सुविधा कर्मचारियों के परिजनों को मजबूत आर्थिक सहायता प्रदान करेगा।



झारखंड मंत्रालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज बैंक ऑफ इंडिया ने एक बेहद संवेदनशील और सराहनीय कदम उठाया है, इससे राज्य के कर्मचारियों और उनके परिवारों को बड़ी सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच हुए इस एमओयू को कर्मचारियों के हित में एक बड़ी उपलब्धि मानते हुए सभी कर्मचारियों को इसके लिए शुभकामना दी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर वातावरण में कार्य करने का अवसर उपलब्ध कराना और उनकी आर्थिक सुरक्षा के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एक संवेदनशील सरकार होने के नाते हम राज्य की सेवा करने वाले कर्मियों के कल्याण के लिए लगातार कदम उठा रहे हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य सरकार तथा बैंक ऑफ इंडिया के बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन खाता पैकेज को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। यह राज्य सरकार की नौकरी करने के दरमियान मिलने वाली तनख्वाह, अवकाश प्राप्ति के बाद मिलने वाली पेंशन तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के अतिरिक्त दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में वित्तीय सहायता देने की दिशा में निर्णायक पहल है।

इधर समझौते के तहत हवाई दुर्घटना के लिए 2 करोड़ और सड़क दुर्घटना के लिए 1 करोड़ के दुर्घटना बीमा का लाभ मिलेगा। झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव, बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक सुब्रत कुमार और महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड भी मौजूद रहे।

# चिकित्सा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

## मुख्यमंत्री ने मेडिकल यूनिवर्सिटी को जल्द से जल्द संचालित करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने का दिया निर्देश

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2023 के अंतर्गत राज्य में स्थापित होने वाले झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के साथ अहम बैठक की। इस मौके पर उन्होंने मेडिकल यूनिवर्सिटी खोले जाने की दिशा में उठाए गए कदमों की समीक्षा करने के क्रम में कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संचालित होने वाला यह पहला मेडिकल यूनिवर्सिटी होगा। हमारी सरकार राज्य की चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर तथा मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है । ऐसे में रांची जिला के बॉम्बे में स्थापित होने वाले यह मेडिकल यूनिवर्सिटी इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**नियमावली गठन के साथ फैकल्टी मेंबर्स की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द हो :** मुख्यमंत्री ने झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के नियमावली गठन और फैकल्टी मेंबर्स की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया, ताकि इसका संचालन यथाशीघ्र शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि नेशनल मेडिकल काउंसिल, (एनएमसी) के गाइडलाइन के अनुरूप इसकी सारी प्रक्रियाएं पूरी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में इस मेडिकल यूनिवर्सिटी को इस तरह विकसित करना है, जिससे मानव संसाधन, मेडिकल शोध के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं को उन्नत तथा आधुनिक बना सकें।

# राज्य सरकार पारदर्शी तरीके से कर रही है कार्य, सभी को मिलेगा न्याय : कांग्रेस

**रांची :** भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी द्वारा नगर निकाय चुनाव और एससी समाज के अधिकारों को लेकर लगाए गए आरोपों पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा नेता हताशा में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं और दलित समाज को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार बाबा साहेब डॉ। भीमराव अंबेडकर के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नगर निकाय चुनावों में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी तरह से वैज्ञानिक आंकड़ों और कानूनी मापदंडों के आधार पर तय की गई है। इसमें किसी भी वर्ग के साथ अन्याय का सवाल ही पैदा नहीं होता।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब हमारी सरकार ओबीसी और दलितों को उनका वाजिब हक देने की दिशा में कदम बढ़ाती है, तो भाजपा के लोग अदालतों के माध्यम से उसमें अड़ंगा डालते हैं। आज जब चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, तो भाजपा को अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती नजर आ रही है।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों और केंद्र में वर्षों तक कई महत्वपूर्ण पद खाली रहते हैं, तब बाउरी जी को संविधान की याद नहीं आती। झारखंड में गठबंधन सरकार सभी संवैधानिक निकायों को सशक्त करने की प्रक्रिया में है और जल्द ही सभी आयोगों का गठन पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अमर बाउरी को उन योजनाओं की सूची देखनी चाहिए जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विशेष रूप से वंचित वर्गों के लिए शुरू की हैं। छात्रवृत्ति से लेकर सावित्रीबाई फुले योजना तक, दलित और पिछड़े समाज के बच्चे आज सबसे अधिक लाभान्वित हो रहे हैं।

## राज्य सरकार दलित समाज की कर रही अनदेखी : बाउरी

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि जल-जंगल-जमीन, झारखंड और झारखंडवासियों के नाम पर सत्ता में आई सरकार अपने ही वादों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष लगातार सरकार की खामियों को उजागर करते रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद यहां दलित समाज की स्थिति दयनीय बनी हुई है। बाउरी ने बताया कि सरकार के एक मंत्री ने स्वयं एससी की स्थिति सुधारने को लेकर सरकार से लिखित आग्रह किया है, जो इस बात का प्रमाण है कि हालात कितने गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार द्वारा एक नई योजना की शुरूआत की गई है, जबकि एससी बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भेजने की मांग बहुत पहले से की जा रही थी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई।

उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में लगभग 50 लाख एससी आबादी को उनके हक और अधिकार से वंचित रखा जा रहा है और सरकार की योजनाओं में एससी समाज का नामोनिशान तक नहीं है। नगर निगम और नगर पंचायत चुनावों के विषय में बोलते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालय के माध्यम से चुनाव कराना तय हुआ है। पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने की मांग भी न्यायालय से ही की गई थी, लेकिन सरकार ने डोर टू डोर जाकर निरीक्षण किए बिना मतदाता सूची के आधार पर ओबीसी आरक्षण लागू कर दिया, जो पूरी तरह से ओबीसी के साथ भी अन्याय किया गया। रांची नगर निगम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पूरे नगर निगम में केवल दो वार्डों में ही एससी को आरक्षण मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक कारणों से एक वर्ग को दबाने का कार्य कर रही है और अलग-अलग नगर निगमों में अलग-अलग नियम लागू कर रही है। नगर निगम चुनावों में पारदर्शिता बरती जाए अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड सरकार एससी समाज के संगठित ताकत को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार न्यायालय के दबाव में आनन-फानन में चुनाव की तैयारी कर रही है। लेकिन दलित समाज की भागीदारी कम कर बाबा साहेब के संविधान की भी अवमानना कर रही है। उन्होंने मांग की कि हेमंत सोरेन सरकार नगर निगम चुनावों में पूर्ण पारदर्शिता लाए, ताकि सभी वर्गों को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि जब सामाजिक संगठन पदाधिकारियों से बात करते हैं तो उन्हें सरकार का हवाला दिया जाता है, जिससे एससी समाज को अपने हक और अधिकार के लिए बार-बार न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। यदि सरकार अपनी कमियों को दूर नहीं करती है तो आने वाले समय में दलित समाज बाबा साहेब अंबेडकर के संवैधानिक कानूनों के तहत आंदोलन करने को मजबूर होगा। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक एवं भाजपा एससी मोर्चा आईटी सेल प्रभारी गोविंदा बाल्मिकी भी उपस्थित थे।

# कैबिनेट ने पेसा नियमावली को दी मंजूरी, जनजातीय स्वशासन की दिशा में ऐतिहासिक कदम : राजेश ठाकुर

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड सरकार ने पेसा कानून की नियमावली को मंजूरी देकर राज्य के जनजातीय स्वशासन को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसके बाद ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मुलाकात कर उन्हें सराहना और बधाई दी गई।



पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 29 वर्षों के बाद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और दिशोम गुरु शिबू सोरेन का सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यापक जन-विमर्श और निरंतर अध्ययन के बाद लिया गया यह निर्णय सुनिश्चित करेगा कि पेसा कानून अब कागजों में नहीं, बल्कि ग्राम सभाओं में जीवंत रूप में लागू हो।

राजेश ठाकुर ने कहा कि यह फैसला अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन को मजबूती देने और आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों को धरातल पर उतारने का ठोस कदम है। झारखंड के 25वें स्थापना वर्ष में यह निर्णय राज्य की लोकतांत्रिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

उन्होंने स्वर्गीय बंदी उरांव को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि पेसा कानून की नींव मजबूत करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। पूर्व क्ढर अधिकारी और सिसई से कई बार विधायक रहे बंदी उरांव ने अपनी दूरदर्शिता और समर्पण से इस कानून को आकार देने में अहम भूमिका निभाई थी।

राजेश ठाकुर ने स्पष्ट किया कि पेसा बांटने का नहीं, बल्कि ग्राम सभा को मजबूत कर सहभागी लोकतंत्र स्थापित करने का कानून है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा के सामूहिक निर्णयों का सम्मान हर सरकार को करना होगा। इस अवसर पर झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय ने भी बधाई देते हुए कहा कि आज झारखंड के इतिहास का बेहद महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपिका पांडे सिंह और कैबिनेट के सभी सदस्यों को इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए धन्यवाद दिया।

## बिप्लव विश्वास को संजय सेठ ने किया सम्मानित

**रांची :** सीआरपीएफ के माध्यम से नक्सल विरोधी अभियान सहित राष्ट्र की सेवा में समर्पित कुशई कॉलोनी, डोरंडा (रांची) निवासी इंस्पेक्टर बिप्लव विश्वास ने कौन बनेगा करोड़पति में एक करोड रुपए का पुरस्कार जीत के अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया है। इसका प्रसारण 30 और 31 दिसंबर को किया जाएगा। इसके साथ ही केबीसी के रैपिड राउंड में भी इन्होंने शानदार जीत दर्ज की है। अब उनके पूरे परिवार को अमिताभ बच्चन के साथ मिलने और डिनर का अवसर मिलेगा। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर बिप्लव को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया और बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री सेठ ने कहा इन्होंने रांची को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। यह सब सब प्रोग्राम में जिला अध्यक्ष धीरज महतो राजेंद्र मुंडा दिलेश्वर कोरी गंगाधर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष को किया सम्मानित

**रांची :** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर, सदस्या डेलीना खोंगडुप, ममता कुमारी तथा डॉ। अर्चना मुजुमदार का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर स्वागत-अभिनंदन किया। महिला विकास और कल्याण से संबंधित विषयों पर सकारात्मक बातचीत हुई।

## मनरेगा कानून के बदलाव से झारखंड पर बढ़ेगा 15 सौ करोड़ का बोझ : कांग्रेस

**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून में किए गए बदलावों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस नए फैसले से झारखंड जैसे राज्य पर 1500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण हो जाएगी।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि पहले मनरेगा के तहत केंद्र और राज्य के बीच खर्च का अनुपात 90:10 था। लेकिन अब इसे बदलकर 60:40 कर दिया गया है। इस बदलाव के कारण राज्य सरकार को अपने बजट से भारी भरकम राशि खर्च करनी होगी। कांग्रेस प्रवक्ता का आरोप है कि केंद्र ने इस कानून में संशोधन करने से पहले किसी भी राज्य सरकार को विश्वास में नहीं लिया और न ही कोई सलाह-मशविरा किया। उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर झारखंड का 1।38 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हक बकाया है। वहीं दूसरी ओर ऐसे नए नियम थोपकर राज्य की मुश्किलें बढ़ाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में मनरेगा के तहत 76 लाख से अधिक जॉब कार्ड जारी किए गए हैं ,जिसमें 50 फीसदी से भी काम 34 लाख जॉब कार्ड ही सक्रिय है।

# संत जेवियर्स कॉलेज के क्रिसमस मिलन महोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल




**संवाददाता**

**रांची:** रांची स्थित संत जेवियर्स कॉलेज में आयोजित क्रिसमस मिलन महोत्सव में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भाग लिया और उपस्थित लोगों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्रिसमस प्रेम, शांति, भाईचारे और मानवता का संदेश देने वाला पर्व है।

प्रभु यीशु मसीह का संपूर्ण जीवन आपसी प्रेम, क्षमा और सेवा की भावना को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस हमें यह सिखाता है कि सच्ची खुशी दूसरों की सेवा करने और उनके प्रति करुणा रखने में ही निहित है। राज्यपाल ने कहा कि संत जेवियर्स कॉलेज, रांची न केवल झारखंड बल्कि आसपास के राज्यों में भी एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के रूप में अपनी अलग पहचान रखता है।

उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह महाविद्यालय वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों ने शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, साहित्य, खेल और सामाजिक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में देश और विदेश में नाम रोशन किया है। कॉलेज की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इसकी प्रतिष्ठा को ऊंचाई तक पहुंचाने में यहां के समर्पित शिक्षाविदों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने डी। ब्रावर और प्रो। ए। के। सिन्हा जैसे शिक्षाविदों को याद करते हुए कहा कि उनकी सादगी और विद्यार्थियों के प्रति आत्मीयता आज भी लोगों के बीच प्रेरणा का स्रोत है।

उन्होंने फादर कामिल बुल्के द्वारा रचित हिंदी-अंग्रेजी शब्दकोश को हिंदी भाषा की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि विदेशी मूल के होते हुए भी हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रति उनका समर्पण अनुकरणीय है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शिक्षा को भारतीय मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि युवा न केवल कुशल बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने संत जेवियर्स कॉलेज से यह भी आग्रह किया कि वह आसपास के गांवों को गोद लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्रों में और बेहतर कार्य करे। इससे न केवल ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा, बल्कि यह संस्थान अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

## किसानों की आय में वृद्धि ही योजना की सफलता का पैमाना : शिल्पी

**रांची :** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि किसानों की आय में बढ़ोतरी ही सरकार का लक्ष्य है। आय में बढ़ोतरी से ही सरकार की योजना का आकलन होगा, आय में बढ़ोतरी ही योजना की सफलता का पैमाना होगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की धुर्वा स्थित शालीमार मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र में मात्स्यिकी विषयक कार्यशाला सह संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। मंत्री ने कहा कि सरकार ने इस बार राज्य में 260 वेद व्यास आवास योजना का लक्ष्य निर्धारित किया है। चिन्हित लाभुकों के बीच योजना का वितरण शुरू कर दिया गया है।

मौके पर 540 लाभुकों के बीच 964।37 लाख रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। जिसमें पिकअप वैन, आइस बॉक्स, केज हाउस, मोटर चलित नाव, गिल नेट सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस मौके पर कहा कि राज्य के मछुआरों को वेद व्यास आवास दिया जा रहा है। इससे मिट्टी के मकान में रहने वाले परिवार का पक्के मकान में रहने का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि मछुआरों के लिए दिए जा रहे वेद व्यास आवास की पहचान नीले रंग से होनी चाहिए। ऐसा करना बेहतर होगा और एक अलग पहचान बनेगी।

**कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**
पुनः अति अल्पकालीन ई- निविदा प्रसंग सं0-
WRD/IMD/RANCHI/19/2025-26

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | धनसिंहटोली जलाशय योजना के Outlet में Sluice Valve (एक अदद) का मरम्मति हेतु Emergent कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 2,45,650.00 (दो लाख पैंतालिस हजार छः सौ पचास रूपये) मात्र। |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 01 (एक माह)। |
| 4. | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र। |
| 5. | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | रू0 500.00 (पाँच सौ रूपये) मात्र। |
| 6. | वेबसाईट पर ई- निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 26-12-2025 (11:00 बजे पूर्वाह्न) |
| 7. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 01-01-2026 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 8. | ई- निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 03-01-2026 (11:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची। |
| 10. | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 0651-2912296 |
| 11. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2490232 |

नोट :- 1. केवल ई- निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताएं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई- भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

ह0/-
कार्यपालक अभियंता
PR 369234 Water Resource (25-26)_D सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## हिन्दुओं की वैश्विक है दर्दनाक पीड़ा

जब कोई पिता यह कहता है कि उसे अपने बेटे की मौत की खबर पुलिस, प्रशासन या सरकार से नहीं फेसबुक से मिली है, तब यह साफ हो जाता है कि उसका ये दर्द पूरे समाज और राज्य की सामूहिक नैतिक विफलता का परिणाम है। बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में गारमेंट फैक्टरी में काम करने वाले दीपू चंद्र दास के पिता रवि लाल दास का दर्द आज इसी विफलता की गवाही दे रहा है। उनका बेटा परिवार का इकलौता कमाने वाला था। दिव्यांग पिता, मां, पत्नी और बच्चे की पूरी जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी, किंतु अब वह दुनिया में नहीं, उसे तो इस?लामिक जिहादी कट्टर भीड़ ने घेरकर पीटा, पेड़ से बांधकर जिंदा जलाया और फिर उसके जले हुए शरीर को सार्वजनिक रूप से टांग कर जश?न मनाया है। दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या कोई अचानक भड़का उन्माद नहीं है। यह उस लंबे और बार-बार दोहराए गए पैटर्न की कड़ी है जिसमें बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को चुनकर निशाना बनाया जाता रहा है। 1951 में जिस देश में हिंदुओं की जनसंख?या 22 प्रतिशत थी, आज वो घटकर 8 प्रतिशत से भी कम रह गई है। यह गिरावट किसी सामान्य सामाजिक या आर्थिक परिवर्तन से नहीं आई है। इसके पीछे दशकों का डर, हिंसा, संपत्ति लूट, मंदिरों पर हमले, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, दीपू चंद्र दास जैसे अब तक अनेक लोगों को षड्यंत्र से, बल पूर्वक मार देने का झूठे आरोपों का इतिहास है। दीपू की हत्या उस समय हुई जब ढाका में छात्र नेता उस्मान शरीफ हादी की मौत के बाद विरोध प्रदर्शनों के नाम पर हिंसा भड़काई जा रही थी। बांग्लादेश का इतिहास बताता है कि ऐसे आंदोलनों का अंत अक्सर हिंदुओं पर हमलों से होता रहा है। कभी छात्र आंदोलन, कभी राजनीतिक असंतोष और कभी किसी एक घटना की आड़ में भीड़ को उकसाया जाता है और उसका निशाना हिंदू बस्तियां, मंदिर और आम नागरिक बनते हैं। हर बार यह संयोग नहीं हो सकता है, यह तो यहां एक स्थापित ढांचा बन गया है। इस पूरी प्रक्रिया में ईशनिंदा का आरोप सबसे खतरनाक हथियार बन चुका है, जिसमें भीड़ को उकसाया जाता है, ये कहकर की उसने हमारे नबी या कुरान का अपमान किया है। निर्वासित लेखिका और मानवाधिकार कार्यकर्ता तसलीमा नसरीन के अनुसार दीपू पर उसके ही एक मुस्लिम सहकर्मी ने झूठा आरोप लगाया था। पुलिस ने पहले दीपू को भीड़ से बचाकर हिरासत में लिया। दीपू ने स्पष्ट कहा था कि उसने पैगंबर के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की, किंतु उसकी कौन सुननेवाला था! पुलिस ने कट्टरपंथी दबाव में उसे भीड़ के हवाले कर दिया! सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो इस बर्बरता को किसी संदेह से परे ले जाते हैं। कहीं दीपू थाने में बैठा दिखता है। कहीं सैकड़ों लोगों की भीड़ उसे घेरकर पीटती है। कहीं उसे नग्न कर प्रताड़ित किया जाता है और कहीं पेड़ से लटकाकर जिंदा जलाया जाता है। ये दृश्य एक हत्या के आगे बांग?लादेश में आज उस भय के दस्तावेज हैं जिसमें बहुत मुश?किल में रहते हुए कहना होगा हिंदू आज यहां सांस ले रहे हैं।

एक नजर देखें तो यह सिलसिला यहीं नहीं रुकता है, पिछले एक साल में ही अनेक हिन?दू विरोधी हिंसा की भयंकर घटनाएं यहां घटी हैं। दिसंबर 2024 में आकाश दास के खिलाफ ईशनिंदा की अफवाह फैली और 130 हिंदू घर तथा 20 मंदिर जला दिए गए। नवंबर 2024 में करीमगंज उपजिला में रिदॉय रोबी दास की हत्या कर दी गई। अक्तूबर 2024 में फरीदपुर जिले में हृदय पाल नामक छात्र पर कॉलेज में हमला किया गया। चटगांव में प्रांत तालुकदार को अगवा कर प्रताड़ित किया गया। खगराचारी और रंगमती में धनंजय और रुबेल त्रिपुरा की हत्या अफवाहों के आधार पर हुई। घटनाएं अलग हैं पर तरीका एक है। हिन्दू हिंसा से जुड़े सवाल आज सिर्फ बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहे हैं। पिछले वर्षों में पूरी दुनिया में हिंदुओं को उनकी धार्मिक पहचान के कारण निशाना बनाए जाने की घटनाएं बढ़ी हैं। पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोपों पर भीड़ द्वारा हत्या आम होती जा रही है। सियालकोट में श्रीलंकाई नागरिक प्रियांथा कुमारा को जिंदा जलाया जाना इसी उन्मादी मानसिकता का उदाहरण है जिसका असर वहां के हिंदू अल्पसंख्यकों पर भी पड़ा है। सिंध प्रांत समेत पूरी पाकिस?तान से आए दिन खबरें आती हैं कि बेटी तो बेटी मां तक को जिहादी मानसिकता वाले इस?लामिक लोग अगवा कर ले रहे हैं। ब्रिटेन में मंदिरों पर हमले, मूर्तियों की तोड़फोड़ और धार्मिक जुलूसों पर हमलों की घटनाएं सामने आई ही हैं। कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों को अपवित्र किया गया और धमकियां दी गईं। अमेरिका में भी मंदिरों पर हमले और हिंदू छात्रों के खिलाफ घृणा अपराधों की रिपोर्टें आई हैं। जिन देशों को उदार लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है वहां भी यह प्रवृत्ति चिंता पैदा करती है। मध्य पूर्व और अफ्रीका में काम करने वाले दक्षिण एशियाई हिंदू श्रमिकों के साथ धार्मिक भेदभाव की शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही हैं। कहीं त्योहार मनाने से रोका जाता है। कहीं धार्मिक प्रतीक छिपाने पड़ते हैं। कहीं मंदिर निर्माण की अनुमति नहीं मिलती। यह सब उस अदृश्य पीड़ा का हिस्सा है जो अक्सर वैश्विक विमर्श से बाहर रह जाती है। इन घटनाओं पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया अक्सर औपचारिक रहती है। कुछ रिपोर्टें आती हैं। कुछ बयान जारी होते हैं। फिर मामला ठंडा पड़ जाता है। जिन मुद्दों पर वैश्विक दबाव तेज होता है वहां कार्रवाई दिखाई देती है, किंतु हिंदुओं के खिलाफ लक्षित हिंसा पर वही दबाव शायद ही बनता है। यही असमानता उस कटु अनुभूति को जन्म देती है कि हिंदुओं के दुख का कोई वैश्विक संरक्षक नहीं है। ऐसे में अब वक?त आ गया है अपनी सुरक्षा के लिए पूरी दुनिया के सभी हिन?दू एकमन और एकमत हों। आवाज हर जगह से बुलंद होनी चाहिए; हो सकता है बांग?लादेश, पाकिस?तान या ऐसे ही अन?य शासकों पर अंतरराष?ट्रीय दबाव आए । अन?यथा इसी तरह आगे भी न जाने कितने ह्यदीपूह्न मारे जाते रहेंगे और हम सभी थोड़ी देर का रोना रोकर फिर अपने अस?तित?व को यूं ही धीरे-धीरे समाप?त होते देखते रहेंगे।

# फिजाओं में घुला जहर

देश में वायु गुणवत्ता सूचकांक जारी करने वाले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 13 दिसंबर को 251 शहरों के आंकड़े भी जारी किए। इनके विश्लेषण में कहा गया कि महज 3.6 फीसदी शहरों में हवा साफ है। 22.3 फीसदी में स्थिति संतोषजनक है, ाज74.1 फीसदी शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इस तारीख को फरीदाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक 214 रिकॉर्ड किया गया है।

**मुकुंद**

**भा** इस साल 13 दिसंबर को दिल्ली ही नहीं, उसके आसपास के शहर गैस चैंबर में तब्दील हो गए। यह तारीख साल के सबसे प्रदूषित दिनों के कैलेंडर में दर्ज हो गई। नोएडा में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 455 तक पहुंच गया। नोएडा ही नहीं ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद और पानीपत में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। यहां एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया। शिलांगवासी खुशकिस्मत रहे। उनके यहां की हवा सबसे साफ रही। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक महज 14 रहा। देश की राजधानी दिल्ली का एक्यूआई 431 तक पहुंच गया। देश में वायु गुणवत्ता सूचकांक जारी करने वाले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 13 दिसंबर को 251 शहरों के आंकड़े भी जारी किए। इनके विश्लेषण में कहा गया कि महज 3.6 फीसदी शहरों में हवा साफ है। 22.3 फीसदी में स्थिति संतोषजनक है, ाज74.1 फीसदी शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इस तारीख को फरीदाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक 214 रिकॉर्ड किया गया है। प्रदूषण के लिहाज से ग्रेटर नोएडा (442) दूसरे जबकि दिल्ली (431) तीसरे स्थान रही। 430 अंकों के साथ गाजियाबाद चौथे स्थान पर रहा। पानीपत का एक्यूआई 426, हापुड़ और मेरठ का का 355 रहा देश में नोएडा की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित रही। एक दिन पहले 12 दिसंबर को नोएडा में एक्यूआई 386 दर्ज किया गया था। 24 घंटे में 69 अंकों के उछाल से मेहनतकश लोग हांफने



लगे। फिजाओं में घुला यह जहर लोगों बीमार बना देने के लिए काफी है। नोएडा में स्थिति किस कदर खराब रही, इसी बात से समझा जा सकता है कि वहां प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्धारित सुरक्षित मानकों से 2,900 फीसदी अधिक रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 13 दिसंबर को मात्र 3.6 फीसदी शहरों की हवा साफ रही। इन शहरों के इतर देश के छह शहरों में हवा साफ रही। इन शहरों में चिकमगलुरु, दमोह, कलबुर्गी, किशनगंज, कुंजेमुरा, शिलांग और तिरुनेलवेली शामिल हैं। कई दफा कई तारीखें कभी न भूलने वाली बन जाती हैं। मसलन 21 दिसंबर की रात बेहद सर्द रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग 22 दिसंबर की दोपहर भविष्यवाणी की है कि जम्मू और कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बर्फबारी हो सकती है। यही नहीं बर्फीले तूफान का भी सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली-एनसीआर शीतलहर की चपेट में रहेंगे। घना कोहरा मुसीबत बढ़ा सकता है। तापमान गिरेगा। हवा की गुणवत्ता में सुधार के आसार नहीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि इन दिनों उत्तर भारत का मौसम तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। पहाड़ों में बर्फबारी शुरू हो चुकी है। मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा और ठंड लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही है। इस बदलाव के पीछे पश्चिमी विक्षोभ, उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम और अन्य मौसमी गतिविधियों को जवाबदेह माना जा रहा है। उत्तराखंड में दो तरह का मौसम है। यहां के मैदानी जिलों में घना कोहरा और कड़ाके की ठंड लोगों को परेशान कर रही है। ऊंचाई वाले हिमालयी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग पास, अटल टनल और शिंकू ला दर्रे पर हल्की बर्फबारी हुई है। निचले इलाकों में मौसम खराब बना हुआ है। शिमला, कुल्लू और मनाली में बादल छाए रहे ाबिलासपुर और ऊना जैसे मैदानी जिलों में घना कोहरा देखा गया। विभाग का मानना है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में आनेवाले दिनों में ठंड और कोहरे का असर और बढ़ेगा। दिल्ली में कोल्ड डे जैसी स्थिति बन बनने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम भारत में अगले 24 घंटों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी संभव है। पूर्वी भारत में अगले तीन दिनों तक तापमान स्थिर रहने और बाद में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट के आसार हैं। मध्य भारत में अगले 24 घंटों में हल्की बढ़ोतरी के बाद तापमान गिर सकता है। महाराष्ट्र में भी अगले 24 घंटों में तापमान थोड़ा बढ़ने के बाद स्थिर रहने की उम्मीद है। देश के बाकी हिस्सों में अगले सात दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे का अंदेशा जताया गया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में भी कुछ दिनों तक कोहरा रह सकता है। उत्तर आंतरिक कर्नाटक और तेलंगाना में कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने की आशंका है। उत्तराखंड, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, बिहार और उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भी कोल्ड डे की स्थिति बन सकती है। वैसे आज यानी 22 दिसंबर को दिल्ली-एनसीआर में वायु गणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में ही रहा।

# भूमि की बिगड़ती सेहत और किसान

इधर खेतों में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और जीएम फसलों की पैदावार ने भी खेतों की सेहत बिगाड़ने का काम बड़ी मात्रा में किया है। नतीजतन जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव भी गहरा गए हैं। वैश्विक स्तर पर भूमि क्षरण की समस्या के समाधान के लिए 450 अरब डॉलर का वार्षिक खर्च आएगा। यदि इसमें सुधार जल्दी नहीं किया गया तो विश्व में 3.2 अरब लोगों का जीवन संकटग्रस्त हो सकता है।

**प्रमोद भार्गव**

**दु**निया के अनेक देशों की तरह भारत भी वन क्षरण, अत्यधिक कृषि गतिविधियों से भूमि की नमी घटने और उसकी उर्वरता कम होने की समस्या से जूझ रहा है। इन कारणों के चलते भारत की 30 प्रतिशत से भी ज्यादा भूमि की सेहत बिगड़ गई है। शहरीकरण और औद्योगिक विकास से कृषि भूमि नष्ट हो रही है। वहीं उद्योग, बिजली और सिंचाई व पेयजल के लिए बड़े बांधों के अस्तित्व में आ जाने के कारण दलदली भूमि भी बढ़ रही है। यह समस्या मध्य-प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और पंजाब में सर्वाधिक होने के साथ, इन्हीं राज्यों के क्षेत्रफल के बराबर है। इससे 72000 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। क्षरण और भूमि के मरुस्थलीकरण से हमारे सकल घरेलू उत्पाद में 2.5 प्रतिशत और फसल की पैदावार में भी कमी आई है। इधर खेतों में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और जीएम फसलों की पैदावार ने भी खेतों की सेहत बिगाड़ने का काम बड़ी मात्रा में किया है। नतीजतन जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव भी गहरा गए हैं। वैश्विक स्तर पर भूमि क्षरण की समस्या के समाधान के लिए 450 अरब डॉलर का वार्षिक खर्च आएगा। यदि इसमें सुधार जल्दी नहीं किया गया तो विश्व में 3.2 अरब लोगों का जीवन संकटग्रस्त हो सकता है। भारत के लिए यह समस्या इसलिए विकराल है क्योंकि दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या भारत में बसती है, जबकि दुनिया की कुल भूमि का भारत के पास महज 2.4 प्रतिशत भू-भाग ही है। साफ है, उपजाऊ जमीन का बंजर भूमि में बदलना चिंता का विषय है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन संबंधी अंतर-सरकारी समिति द्वारा अगस्त-2019 में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 23



प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का क्षरण हो चुका है। भारत में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत भूमि के क्षरण का है। इसे देखते हुए निकट भविष्य में भूमि में व्यापक सुधार नहीं हुए तो यह समस्या एक प्राकृतिक आपदा में बदलती चली जाएगी। यह विडंबना है कि भारत में रोटी और रोजगार का सबसे बड़ा संसाधन बनी भूमि की गुणवत्ता अथवा उसकी बिगड़ती सेहत को जांचने का अब तक कोई राष्ट्रव्यापी पैमाना नहीं है। जबकि देश की कुल आबादी में से सत्तर प्रतिशत आबादी कृषि और प्राकृतिक संपदा से रोजी-रोटी जुटाती है। भूमि की उर्वरता और क्षरण को लेकर टुकड़ों में तो आकलन आते रहते हैं, लेकिन इस स्थिति की वास्तविक हालत का खुलासा करने वाला कोई एक मानचित्र नहीं है। हालांकि अशासकीय स्तर पर इस मांग की आपूर्ति अहमदाबाद की संस्था ह्यस्पेस एप्लिकेशन सेंटरह्न ने सत्रह अन्य इसी काम से जुड़ी एजेंसियों के साथ मिलकर की है। जमीन की सेहत से जुड़ा यह शोध बताता है कि आधुनिक व औद्योगिक विकास, जल व वायु प्रदूषण और कृषि भूमि में खाद व कीटनाशकों के बढ़ते चलन ने किस तरह से उपयोगी भूमि को रेगिस्तान में तब्दील करने का सिलसिला जारी रखा हुआ है। ह्यस्पेस एप्लिकेशन सेंटरह्न द्वारा किए शोध के मुताबिक राजस्थान का 21.77 प्रतिशत, जम्मू, कश्मीर एवं लद्दाख का 12.79 और गुजरात में 12.72 प्रतिशत क्षेत्र रेगिस्तान में बदल चुका है। मध्यप्रदेश में चंबल के बीहड़ पिछले 60 साल में 45 प्रतिशत बढ़े हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ और उत्तर-प्रदेश व मध्यप्रदेश में बुंदेलखण्ड क्षेत्र की कृषि का अनावृष्टि के कारण तेजी से क्षरण हो रहा है। वहीं भू-जल के बेतहाशा दोहन और अल्पवर्षा के चलते खेतों में दस सेंटीमीटर नीचे एक ऐसी कठोर परत बनती जा रही है, जो कालांतर में फसल की उत्पादन क्षमता को प्रभावित करेगी। रेगिस्तान के विस्तार की तह में अतिवृष्टि और अनावृष्टि का चक्र तो है ही 1999 के बाद से मानसून की दगाबाजी ने उपजाऊ भूमि को बंजर भूमि में बदल देने का काम किया है। इन्हीं वजहों से देश के पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्र भूमिक्षरण के प्रभाव में आए जंगलों का विनाश, चरनोई की भूमि को कृषि व आवासीय भूमि में तब्दील करना और एक तरह की फसल पैदा करने के बढ़ते चलन से भूमि की सेहत बिगड़ी है। कुछ ऐसी ही वजहों के चलते बर्फीली वादियों से लेकर घने वनों वाले क्षेत्र भी फैलते रेगिस्तान की गिरफ्त में आ गए हैं। जिस हरित क्रांति के बूते पंजाब को देश में अनाज के अटूट भंडार का दर्जा हासिल हुआ था, वही पंजाब आज रासायनिक खादों का बेतहाशा उपयोग करने के कारण बड़े क्षेत्र में अपनी कृषि भूमि बर्बाद कर चुका है। देश के कुल कृषि क्षेत्र का 1.5 प्रतिशत भाग पंजाब के हिस्से में है। जबकि देश में कीटनाशकों की कुल खपत का 18 फीसदी उपयोग पंजाब के किसान करते हैं। इसी तरह पंजाब के मालवा क्षेत्र का कपास क्षेत्र पूरे पंजाब का केवल 15 फीसदी है, जबकि यहां पंजाब के कुल कीटनाशकों की खपत 70 फीसदी है। पंजाब के मालवा का क्षेत्र देश के कुल भू-भाग का मात्र 0.5 भाग है, जबकि यहां देश में कुल खपत होने वाले कीटनाशकों की 10 फीसदी खपत होती है। जिस भांखड़ा नांगल बांध को हम पंजाब की उन्नत खेती का आधार मानते हैं, इस बांध से जल रिसाब के चलते पंजाब की अब तक ढाई लाख हेक्टेयर कृषि भूमि दलदल में बदल चुकी है। यही नहीं कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते इस्तेमाल ने यहां कैंसर की बीमारी को खतरनाक ढंग से बड़ी आबादी में फैला दिया है। कृषि के आधुनिकीकरण व यांत्रिकीकरण ने भी भूमि की सेहत को बिगाड़ने का काम किया है। इस बाबत ग्वालियर चंबल क्षेत्र में किए गए एक शोध के मुताबिक इस अंचल की भूमि में दो तरह के विकार पैदा हुए हैं। एक कृषि भूमि की सतह में दस सेंटीमीटर नीचे एक कठोर परत (हार्ड-लेयर) बन गई है। दूसरे, भू-गर्भ में करीब एक सौ मीटर की गहराई पर पानी से भरी रहने वाली जगह (पोर-स्पेस) रिक्त पड़ी है। क्षेत्रीय पर्यावरण में आए ये परिवर्तन भू-गर्भीय अथवा सतह पर भूकंप जैसी हलचल की वजह भी बन सकते हैं। डिस्कवरी चैनल द्वारा इस क्षेत्र में किए गए एक अध्ययन के प्रस्तुतिकरण ने भी दावा किया है कि चंबल व ग्वालियर अंचल में तेजी से रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है।

# घर बैठे करें महाकाल के 'भैरव' की स्पेशल पूजा

**का**ल भैरव मंदिर में दर्शन और पूजा करने की चाहत हर किसी को होती है। लेकिन कई बार अलग-अलग कारणों की वजह से लोग दर्शन या पूजा के लिए नहीं जा पाते हैं। लेकिन अगर आप भी किसी कारणवश कालभैरव मंदिर दर्शन औ? पूजा के लिए नहीं जा पा रहे हैं, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि अब ऑनलाइन पूजा की सुविधा शुरू की गई है। इसमें श्रद्धालु ऑनलाइन अपने नाम की पूजा करवाने के साथ प्रसाद भी अपने घर पर मंगा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऑनलाइन पूजा बुक करने के कुछ आसान टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

### ऐसे बुक करें ऑनलाइन कालभैरव मंदिर की स्पेशल पूजा

सबसे पहले कालभैरव मंदिर की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं। आप चाहें तो स्थानीय साइट या ऐप से भी पूजा बुक कर सकती हैं।

बुकिंग करने के लिए आपको नंबर



डालकर अकाउंट बनाना है।

फिर लॉगइन करें, जिससे बुकिंग रिकॉर्ड और रसीद मिल सके।

अब जिस मंदिर में पूजा करना चाह रहे हैं, उस मंदिर का नाम सर्च करें।

अगर आप काल भैरव मंदिर में पूजा कराना चाहते हैं तो काल भैरव सर्च करें।

अब काल भैरव पूजा बुक के ऑप्शन पर क्लिक करें।

लाइव पूजा देखने के लिए 'लाइव स्ट्रीम' का ऑप्शन चुनें।

इसका साथ ही आप पूजा किसके नाम और किस समस्या या खुशी के मौके पर करवा रही हैं, वह सारी डिटेल्स भरें।

जिस दिन पूजा करवा रही हैं, वह डेट चुनें।

पूजा के बाद प्रसाद पाने के लिए अपना एड्रेस डालें। जिससे कि प्रसाद आपके घर आ सके।

अब लास्ट में आपको पेमेंट करना है।

पेमेंट कंफर्मेशन के बाद रसीद और बुकिंग आईडी आपकी मेल आईडी या व्हाट्सएप नंबर पर आ जाती है।

### ऑनलाइन बुक करने का प्राइस

अगर आप यह सोच रहे हैं कि आपके नाम पर कैसे पूजा होगी, तो ध्यान रखें कि पंडित जी आपके नाम और गोत्र को बोलते हुए पूजा कराते हैं। वह राहु-केतु और शनि ग्रह की शांति विशेष पूजा करेंगे और जीवन की समस्याओं को दूर करने के लिए फूल अर्पित करते हैं। पूजा के बाद वीडियो सिर्फ 3 दिनों के अंदर आपको व्हाट्सएप पर मिल जाता है। वहीं 7 से 10 दिनों के अंदर प्रसाद भी आ जाता है। वहीं बुकिंग आपके टाइम प्रसाद और पूजा के आधार पर होती है। जिसमें आपको 500 से लेकर

## टिप्स

### किचन सुपरहीरो हैं नींबू के छिलके

अक्सर नींबू के छिलकों को हम बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि नींबू के छिलके किचन के लिए किसी सुपरहीरो से कम नहीं है। इनमें नेचुरल ऑयल, एंटी-बैक्टीरियल गुण और सिट्रिक एसिड गुण पाए जाते हैं, जो चमक, सफाई और बदबू हटाने में असरदार माने जाते हैं। ऐसे में आज इस आटिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप कैसे किचन की सफाई के लिए नींबू के छिलकों का इस्तेमाल कर सकती हैं। तेल और मसालों की वजह से तवे पर दाग जम जाते हैं। लेकिन इन दागों को नींबू के छिलके फौरन साफ कर देते हैं। यह एक 100% नेचुरल क्लीनर है, इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जोकि बदबू और चिकनाई को दूर करता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

सबसे पहले तवे को हल्का गर्म करें।
अब चिमटे की सहायता से नींबू के छिलके को तवे पर रगड़ें।
फिर थोड़ा सा पानी डालकर रगड़ें। ऐसा करने से गंदगी निकल जाएगी।
इसके बाद पानी से धोकर तवे को सुखा लें।
कॉफी पॉट को चमकाएं
कॉफी पॉट में थोड़ी बर्फ, नींबू के छिलके और थोड़ा सा नमक डालें।
इसको कुछ मिनट घुमाएं और फिर बाहर निकालकर अच्छे से धोएं।
आपका कॉफी पॉट बिल्कुल नए जैसा और लेमन फ्रेश नजर आएगा।
टी केतली के लिए कारगर
सबसे पहले टी केतली में नींबू के कुछ छिलके डालकर पानी को उबालें।
अब इसको एक घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# सुशासन शपथ प्रशासन गांव की ओर पर आयोजित कार्यशाला संपन्न

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपविकास आयुक्त देवघर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को सुशासन शपथ प्रशासन गांव की ओर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपविकास आयुक्त श्री सिन्हा द्वारा सुशासन सफ्ताह दिनांक- 19.12.2025 से 25.12.2025 के दौरान प्राप्त आवेदनों के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। साथ ही सबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेश दिया कि सुशासन सफ्ताह के तहत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन ससमय कराए। ताकि राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया जनकल्याणकारी योजना प्रशासन गांव की ओर का सभी को लाभ मिल सके।

कार्यशाला के दौरान उपविकास



आयुक्त श्री सिन्हा द्वारा सुशासन सफ्ताह के तहत जाती आवासीय आय प्रमाण पत्र से संबंधित विभिन्न अंचलों से प्राप्त आवेदनों पर अंचलाधिकारियों द्वारा क्या कार्यवाही की गई के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए साथ ही निदेश दिया कि जल्द से जल्द सभी आवेदनों को निस्तारण कराते हुए इसका प्रगति प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराया जाय। इसके अलावे उपविकास आयुक्त श्री सिन्हा द्वारा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भू- मापी, ऑनलाइन लगान सुधार, म्युटेशन, केसीसी, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड व 15वें वित्त आयोग से सबंधित मामले आदि से संबंधित आवेदनों के निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उपविकास आयुक्त श्री सिन्हा द्वारा कार्यशाला के माध्यम से श्रम अधीक्षक देवघर को निदेश दिया कि देवघर जिला अंतर्गत जितने भी प्रवासी श्रमिक, कामगार हो या फिर असंगठित श्रमिक हो सभी का श्रमधन पोर्टल पर पंजीकरण कराते हुए उसका विस्तृत रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराया। ताकि जिला स्तर से कितने श्रमिक बाहर कार्य करने जा रहे है उनका आकंड़ा तैयार किया जा सके। साथ ही श्रमिक राज्य से बाहर कारीबके दौरान किसी भी दुर्घटना के शिकार होते है तो उन्हें राज्य सरकार द्वारा उचित मुआवजे के साथ-साथ अन्य लाभ दिया जा सके। कार्यशाला में उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता हीरा कुमार, उपनगर आयुक्त सागरी बराल, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, उत्पाद अधीक्षक संजय श्रीवास्तव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति लता किस्कू, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी वीणा रानी टुडू, सभी अंचल के अंचलाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना आदि उपस्थित थे।

## सामाजिक न्याय अत्यंत महत्वपूर्ण है : डॉ अनिल

संवाददाता

**साहिबगंज:** साहिबगंज कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार ह्लडिजिटल युग में मानवाधिकार में अपना शोध पत्र ह्लआधुनिक एवं डिजिटल विश्व में मानवाधिकार प्रस्तुत किया।अपने शोध पत्र के माध्यम से डॉ.अनिल कुमार ने मानवाधिकारों के विविध आयामों पर विस्तृत प्रकाश डाला।उन्होंने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में डिजिटल अधिकारों की बढ़ती भूमिका निजता संरक्षण व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए।डॉ.अनिल कुमार ने यह स्पष्ट किया कि मानवाधिकार लोकतंत्र की आधारशिला हैं।और सामाजिक न्याय समानता शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को सुनिश्चित करने में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने अपने व्याख्यान में



नागरिक एवं राजनीतिक अधिकारों की भी विस्तार से चर्चा की।इसके अतिरिक्त,उन्होंने वर्तमान डिजिटल युग में डिजिटल साक्षरता और जागरूकता की आवश्यकता पर विशेष बल दिया तथा यह बताया कि प्रौद्योगिकी का संतुलित,सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग किस प्रकार मानवाधिकारों की रक्षा करने में सहायक हो सकता है।यह अंतरराष्ट्रीय दो दिवसीय सेमिनार टर्टल फाउंडेशन ऑफ रिसर्च एंड एजुकेशन के सहयोग से छोटा नागपुर महाविद्यालय रामनगर रामगढ़ में आयोजित किया।सेमिनार में उपस्थित विद्वानों प्रतिभागियों ने डॉ.अनिल कुमार के शोध पत्र की प्रशंसा की तथा मानवाधिकारों से संबंधित विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा किए।इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर मेघा कुमारी एवं प्रोफेसर राजीव सिंह भी ऑनलाइन माध्यम से सेमिनार में सहभागिता कर रहे थे।

## पूरी निष्ठा और सच्चे हृदय से किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता : बजरंगी

संवाददाता

**साहिबगंज:** भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव को लंदन स्थित ब्रिटिश पार्लियामेंट में अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलने के उपलक्ष्य में मंगलवार को साहिबगंज शहर के उत्सव बैंक्वेट हॉल में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला नागरिक मंच की ओर से किया जिसमें जिले के गणमान्य नागरिक, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यवसायी वर्ग, आम जनता और मीडिया के साथी बड़ी संख्या में शामिल हुए।समारोह के दौरान बजरंगी प्रसाद यादव को फूल-माला,अंग वस्त्र, पुस्तक और बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि साहिबगंज जैसे छोटे जिले के किसान परिवार से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान प्राप्त करना पूरे जिले के



लिए गर्व की बात है। समाज सेवा के क्षेत्र में उनके निरंतर कार्यों ने न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य का मान बढ़ाया है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि बजरंगी यादव ने जमीनी स्तर पर किसानों और समाज के कमजोर वर्गों के लिए लगातार काम किया है, जिसका परिणाम आज उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान के रूप में मिला है।इस अवसर पर बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि पूरी निष्ठा और सच्चे हृदय से किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता। यह सम्मान उन्हें और अधिक मजबूती के साथ समाज सेवा के कार्यों में जुटे रहने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे सभी लोगों को पूरे मन से अपने दायित्व निभाने चाहिए, क्योंकि कोई भी ईमानदार प्रयास बेकार नहीं होता। आईए जानते हैं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव भाजपा समाजसेवी राजीव चौधरी क्या कहते हैं।

## दिव्यांग बच्चों के बीच क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



संवाददाता

**साहिबगंज:** स्थानीय दिव्यांग विद्यालय के बच्चों को क्रिसमस गैदरिंग के अवसर पर कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के द्वारा गर्म वस्त्र और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई।इस अवसर पर इन दिव्यांग बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम और नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया।कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के बीच क्रिसमस गैदरिंग पर संस्था द्वारा वस्त्र खाद्य सामग्री दैनिक उपयोग की सामग्री का वितरण किया गया है।समाज के सहयोग से अंतिम पायदान के इन बच्चों के बीच दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।ताकि यह बच्चे शिक्षा ग्रहण कर पाएं और सुरक्षित रहें।इन बच्चों को सदैव सहायता प्रदान करने वाली स्वस्थ्यकर्मी आलोक लता टुडू को भी मोमेंट को देकर सम्मानित किया गया।दिव्यांग बच्चों ने मनमोहक नृत्य, सामाजिक कुरीतियों पर और प्रभु यीशु के जन्म पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया।मौके पर आलोक लता टुडू,बलराम कुमार,कुमार दीपांशु,निखिल कुमार रोहित कुमार,ज्योति कुमारी,रीमा सिंह,मिथिलेश कुमार झा,डॉ ममता विद्यार्थी,श्वेता दत्त,और विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## समाजसेवी ने किया जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

संवाददाता

**दुमका :** मंगलवार को दुमका कचहरी परिसर में जिला अधिवक्ता संघ,दुमका के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी एवं अधिवक्ताओं के मुंशी को समाजसेवी राजेश कुमार राउत के द्वारा ठंड से राहत के लिए कम्बल वितरण किया गया। उक्त पावन अवसर पर वरीय अधिवक्ता केशव कुमार मंडल,जिला अधिवक्ता संघ के सचिव राकेश कुमार यादव,नरेश साह,शमशाद अंसारी, मिथलेश मंडल,रेखा प्रसाद,मनोज साह,विभीषण राउत,त्रिपुरारी कुमार,पंकज कुमार, राजकुमार



गुप्ता, प्रदीप कुमार आदि अधिवक्तागण के साथ सिविल सोसायटी दुमका के उपाध्यक्ष प्रेम केशरी,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,राजेश राउत मुन्ना, संजीव दे कृष्णा,मुकेश कुमार उपस्थित रहकर अपने कर कमलों से कम्बल वितरण किया और समाजसेवी राजेश कुमार राउत के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों

## फूड प्वाइजनिंग होने से बच्चे समेत दस लोग बीमार

**साहिबगंज:** राजमहल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कोयला बाजार, मुसहरी टोला गांव में मंगलवार को सुबह फूड प्वाइजनिंग होने से बच्चे समेत 10 लोग बीमार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार फातमा बीवी 70 नसीमा बीवी 50 गोलेनुर बीवी 30 चांदनी बीवी 18 अफराज खान 3 लोकमान खान 30 इरफान 2 खोतेजा बीवी 60 सत्तार खान 18 जियाउल खान 9 सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। सब सुबह नाश्ता में रोटी चाय सब्जी खाया था। अचानक कुछ देर के बाद सभी को उल्टी और दस्त होने लगी। हालत बिगड़ देख परिजन के अन्य सदस्यों के द्वारा सभी को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है।

## बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक लगी आग तीन घर जल कर खाख

**साहिबगंज:** सदर प्रखंड के हाजीपुर पूर्व पंचायत के भोलियाटोला गांव में सोमवार की देर रात्रि लगभग 11 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारणों से अचानक लग गई।जिसमें तीन घर जल कर खाख हो हो गया।हाजीपुर पूर्व पंचायत मोसमात पेरिया देवी संजय मंडल व जनकलाल मंडल का बताया कि रोज दिन की तरह सभी खाना-पीना खाकर सोने चले गए अचानक हॉट सर्किट के फुस के घर में आग लग गया सभी लोग अपनी जान बचाकर भागे और हो हल्ला करने लगे। ग्रामीण के एकजुट होते आज तीन घरों को अपने चपेट में ले लिया मुश्किल के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझाया गया।बताया कि घर में रखा दैनिक उपयोग की सभी वस्तुएं तथा अनाज, कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर जरूरी कागजात सहित अन्य सामग्री जलकर राख हो गया।घटना के बाद तीनों पीड़ित परिवार के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गयी । इधर सूचना मिलते ही पंचायत का मुखिया सुदामा मंडल व मुखिया प्रतिनिधि ऊषा देवी ने पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया ।अंचल प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवारों को प्लास्टिक का त्रिपाल कंबल चावल उपलबध कराया गया। सीओ बासुकिनाथ टुडू ने कहा कि संबंधित राजस्व कर्मचारी से आग से हुई क्षति का आकलन कराकर अविलंब सहायता राशि पीड़ित परिवार को प्रदान किया जायेगा।

## आदिम पहाड़िया जनजाति के बच्चों के बीच सहायता सामग्री का वितरण

संवाददाता

**साहिबगंज:** सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में सक्रिय हेल्पिंग हैंड्स, झारखंड द्वारा शिशुओं एवं आदिम पहाड़िया जनजाति के बच्चों के बीच आवश्यक सहायता सामग्री का वितरण किया गया।हेल्पिंग हैंड्स पिछले सात साल से इस मानवीय पहल को आगे लेके चल रहा है जिसके अंतर्गत मिशनरीज ऑफ चैरिटी,कुंडली में आवासित 19 शिशुों,एवं वहाँ कार्यरत दर्जनों कर्मियों के लिए गर्म वस्त्र,खाद्य सामग्री,दवाइयाँ एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध



कराई गईं। मिशनरीज ऑफ चैरिटी में निवास कर रहे वे शिशु विशेष रूप से संवेदनशील परिस्थितियों से गुजर रहे हैं।जिनकी माताओं का निधन प्रसव के समय हो गया था।ऐसे बच्चों का पालन-पोषण और देखभाल मिशनरीज ऑफ चैरिटी द्वारा पूरी निष्ठा और सेवा भाव से किया जा रहा है।हेल्पिंग हैंड्स की इस पहल ने न केवल बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा किया,बल्कि उनके जीवन में स्नेह,सुरक्षा और आशा का संदेश भी दिया।इसके अतिरिक्त,इस्कॉन द्वारा संचालित बरहेट के ही लबरी-झबरी स्थित आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत आदिम पहाड़िया जनजाति के बच्चों के बीच भी गर्म कपड़े,कंबल एवं पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया।ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु आवश्यक वस्तुएँ प्रदान की गईं,ताकि उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।हेल्पिंग हैंड्स की टीम ने बताया कि संस्था समाज के अंतिम वर्ग में खड़े बच्चों के शिक्षा,स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।इसी क्रम में खाद्य सामग्री,पठन-पाठन सामग्री दैनिक उपयोग की वस्तुएँ गर्म कपड़े वितरित किए गए ताकि जरूरतमंद बच्चों का जीवन थोड़ा और सुरक्षित व सम्मानजनक बन सके।इस अवसर पर हेल्पिंग हैंड्स की ओर से सचिव आनंद ठाकुर,निर्देशक शुभम तिवारी,कोषाध्यक्ष कुमार दीपांशु, संरक्षक डॉ.सुरेंद्र नाथ तिवारी व बोर्ड सदस्यों में बलराम कुमार,ज्योति कुमारी, रिमझिम सिंह,गौरव सिंह एवं सुनिधि कुमारी उपस्थित रहे।वहीं इस्कॉन की ओर से कृष्ण कृपा सिंधु सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मी भी मौजूद रहे।सभी ने इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।हेल्पिंग हैंड्स की यह पहल समाज में सहयोग,करुणा और सेवा भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही।

## न्यूज IN ब्रीफ

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में एक गिरफ्तार

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के आरोप में नया टोला भवानी चौकी निवासी मो. निक्को को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि निक्को वर्ष 2018 में थाना में मामला दर्ज किया गया था जिसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई है पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया

### रेलवे रैक पत्थर लोडिंग आंदोलन के समर्थन में उतारे झामुमो नेता पंकज मिश्रा

**रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण नहीं तो16 जनवरी से साहिबगंज से पत्थर की ढुलाई नहीं**



**साहिबगंज:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा के साहिबगंज आवास पर शहर के नाम चिन्ह पत्थर व्यवसाई चतुरानंद पांडे के नेत्रत्व मे बैठक हुई जिसमें सर्वे सहमती से यह तय पाया कि 16 जनवरी को होने वाले आंदोलन का समर्थन किया जाए वही पत्थर व्यवसायिक की तरफ से समर्थन मिलाने के बाद पंकज मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए पत्थर व्यवसाईयों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि यह आंदोलन साहिबगंज शहर की विकास से संबंधित है,उन्होन रेलवे महाकामा पर जोरदार हमला करते हुए कहां के साहिबगंज जिले के सकरीगली से लेकर कोटलपोखर तक में रेलवे मालगाड़ी के जारी पत्थर लोडिंग कराकर मालदा डिवीजन के द्वारा हावड़ा जॉन को हर महीने 100 करोड़ से जाईद राजस्व देते हैं।साहिबगंज के पश्चिमी और पूर्वी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज आरओबी निर्माण की मांग की जा रही है इसके बावजूद मालदा डिवीजन की ओर से दो ओवर ब्रिज देने में काई सालो से अनदेखी किया जा रहा है ।पंकज मिश्रा ने कहा कि 15 जनवरी तक शहर के पूर्वी व पश्चिमी फाटक पर बनने वाले रेल ओवरब्रिज का टेंडर नहीं हुआ था तो 16 जनवरी से साहिबगंज से रेलवे रैक के माध्यम से पत्थरों की ढुलाई ठप हो जाएगी।मौके पर दिनेश यादव,संजय प्रसाद यादव,प्रशांत पाण्डेय टिंकल भगत सहित कई पत्थर व्यवसाई मौजूद थे।

### चोरो ने टोटो से उड़ाई बैटरी, आम जनता परेशान



**साहिबगंज:** ठंडा का फायदा उठाकर चोरों ने विती रात्रि जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत मझरटोला स्थित रेलवे तालाब कोना स्थित घर मे लगे टोटो से चोरों ने बैटरी उड़ा ली । इस संदर्भ में टोटो मलिक मोहम्मद मोईम नहीं बताया कि मैं एक मुर्गी दुकान चलाता हूं जो प्रत्येक दिन की तरह दुकान 8:00 बजे से बढ़कर गाड़ी को अंदर करते हुए 9:00 बजे गया था।ठंड को देखते हुए खा पी के सो गए थे। वही जब सुबह हुई तो गाड़ी को पोंछने लगे और पता चला कि गाड़ी से बैटरी की चोरी हो गई है। हमारे मन तो यह चोरी रात्रि लगभग 2:00 बजे हुई है। इधर समाचार लिखे जाने तक थाना में आवेदन देने की प्रक्रिया जा रही थी। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रत्येक दिन पेट्रोलिंग गाड़ी अपने समय पर पेट्रोलिंग करके आते जाते हैं। फिर भी चोर की मन दिन प्रतिदिन बढ़ते नजर आ रहा है। इस ठंड के मौसम में सब अपने अपने घरों में रहते हैं। लेकिन चोर अपना दाव लगा ही लेते हैं। आखिर यह चोरी चमारी कब तक रुकेगी जनता। क्या पुलिस प्रशासन यह चोरी की वारदात को रोक सकेगी हां कि नहीं यह बात भी सोचने वाली है।

### सामुदायिक भवन नही रहने के कारण वाहिनी परिवार को होती है परेशानी : अमलेश



**साहिबगंज:** झारखंड पुलिस एसोसिएशन झारखंड सशस्त्र पुलिस के अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में साहिबगंज उपायुक्त और राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा से मिलकर झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 9 मे एक सामुदायिक भवन निर्माण कराने को लेकर मांग पत्र सौपा।दिए गए मांग पत्र मे अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह ने बताया कि झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 9 वाहिनी मे लगभग 1000 पुलिसकर्मी कार्यरत है।उन्होंने कहा कि वाहिनी मे समय समय पर शादी विवाह के आलवे समय समय पर छोटी छोटी पार्टियां आयोजित होते रहता है।श्री सिंह ने बताया कि वाहिनी मे सामुदायिक भवन नही रहने के कारण वाहिनी परिवार को काफी परेशानी होती है।उन्होंने सांसद एवं उपायुक्त से झारखण्ड सशस्त्र पुलिस 9 वाहिनी मे सामुदायिक भवन निर्माण करने की मांग की।ताकि शादी विवाह जन्मदिन आगंतुकों को ठहरने में कोई परेशानी ना हो।वही सांसद और उपायुक्त ने जल्द से जल्द मांगो को पूरा करने की बात कही।मौके पर उपाध्यक्ष भरत राय,सचिव सत्येंद्र पासवान,संयुक्त सचिव सुबोध कुमार निराला,कोषाध्यक्ष राजेंद्र टुडू,सक्रिय सदस्य सुमित सेन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# वार्षिकी : मध्य प्रदेश की बेटियों के लिए विशेष रहा 2025, राशि बढ़ी तो खुशी से झूमीं लाड़ली बहनें

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश की महिलाओं और बेटियों के लिए वर्ष 2025 खुशियों और सशक्तिकरण का वर्ष बनकर सामने आया है। इस वर्ष बीते महीने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत मासिक सहायता राशि को 1250 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस निर्णय ने प्रदेश भर की लाखों महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान ला दी। यह फैसला महिलाओं के आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और मजबूत कदम माना गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस योजना को महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने का रास्ता बताया, जिससे अनेक महिलाओं ने छोटे व्यवसाय शुरू किए हैं, बच्चों की पढ़ाई में मदद मिली है और आर्थिक सुरक्षा भी बढ़ी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया का कहना है कि लाड़ली बहना योजना से प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाली बहनें स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर रही हैं। बच्चों की स्कूल फीस भर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आर्थिक रूप से बहनों को स्वावलंबी बनाने के लिए नई योजनाएं लागू करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। विधानसभा में उन्होंने यह भी कहा है कि योजना निरंतर चलती रहेगी और इसके लाभार्थियों के पंजीकरण तथा राशि वृद्धि जैसे विषयों पर विभाग विचार करता रहता है। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने यह संकल्प लिया है कि अब प्रदेश की बहनें मजबूरी नहीं, मजबूती का जीवन जिएंगी। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार कर रही है।

### महिला सशक्तिकरण की मजबूत नींव बनी लाड़ली बहना योजना

इस योजना की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा जयंती के अवसर पर की थी और इसे पांच मार्च 2023 को औपचारिक रूप से लागू किया गया था। योजना के प्रारंभिक चरण में पात्र महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती थी, जो आगे 12,000 रुपये हुई। बाद में इस राशि को बढ़ाकर 1250 रुपये प्रतिमाह किया गया। अब वर्ष 2025 में इसे बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है, जिससे महिलाओं की मासिक आर्थिक सहायता और अधिक सुदृढ़ हुई है।

### 2025 में रक्षाबंधन और दिवाली पर मिला विशेष तोहफा

वर्ष 2025 में लाड़ली बहनों को सरकार की ओर से कई अवसरों पर विशेष सौगातें भी मिलीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को 250 रुपये की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की थी, जिसे बाद में लाभार्थियों के खातों में अंतरित भी किया गया। इसके बाद दिवाली के बाद मासिक सहायता राशि को बढ़ाकर 1500 रुपये करने का निर्णय लिया गया, जिसने महिलाओं की खुशियों को दोगुना कर दिया। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह 2028 तक लाड़ली बहना योजना की मासिक सहायता राशि को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 3000 रुपये करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह घोषणा महिलाओं के भविष्य को लेकर सरकार की दीर्घकालिक सोच और संवेदनशीलता को दर्शाती है। ग्वालियर जिले के ग्राम धनेली की प्रीति मौर्य ने कहा कि लाड़ली बहना योजना हमारे लिए बड़ा सहारा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राशि बढ़ाकर इस सहारे को और मजबूत कर दिया है। ग्राम भदरौली की मोनी ने कहा कि इस योजना से हमें केवल धनराशि ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास भी मिलता है, जिसे मुख्यमंत्री भैया ने और बढ़ा दिया है। भोपाल की लाभार्थी पिंकी जैन ने कहा कि लाड़ली बहनों को योजना का लाभ मिलने से बहनें सशक्त हुई हैं। मैंने पापड़ बनाने के लिए मशीन लगाई है। कुल मिलाकर, वर्ष 2025 मध्य प्रदेश की बेटियों और महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष के रूप में याद किया जाएगा। लाड़ली बहना योजना के तहत बढ़ाई गई राशि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को केवल नारा नहीं मानती है, वह ठोस नीति और क्रियान्वयन के रूप में आगे बढ़ा रही है। यह निर्णय सिर्फ आर्थिक मदद भर नहीं है, इससे महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत संदेश देने का भी प्रयास हुआ है।

## 60 लाख के मोबाइल चुराने वाले पांच शातिर चोर गिरफ्तार



एजेंसी

**कानपुर :** बीती सात दिसंबर को गोविंदनगर थाना क्षेत्र में मोबाइल शॉप से करीब 60 लाख रुपये की कीमत के 113 स्मार्ट फोन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने पांच चोरों को गिरफ्तार किया है। यह कानपुर, बिहार और नेपाल के रहने वाले हैं। उनका एक साथी अभी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने मंगलवार देर रात प्रेस वार्ता कर बताया कि गोविंदनगर स्थित नीरज बलेचा की कृष्णा मोबाइल के नाम से दुकान है। शातिर चोरों ने बीती सात दिसंबर को शातिर चोरों ने दुकान का शटर उठाकर करीब 60 लाख रुपये की कीमत के 113 मोबाइल चुराए और फरार हो गए थे। यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गयी थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस की तीन टीमों ने करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की सहायता से 17 दिनों तक चोरों का पीछा करते हुए कानपुर, लखनऊ, बिहार और नेपाल समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। उन सभी से पुलिस ने चोरी का सौ प्रतिशत माल भी बरामद किया है।

पकड़े गए शातिरों में घोड़ासहन मोतीहारी पूर्वी चंपारण बिहार का रहने वाला मुबीन, प्रमोद पासवान, मुकेश, परसा नेपाल निवासी कृष्णा और बजरिया कानपुर निवासी शोएब को गिरफ्तार किया है। जबकि उनका एक साथी बिहार का रहने वाला असलम अभी भी फरार है। शातिरों

## बड़े दिन पर पार्क स्ट्रीट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 1500 पुलिसकर्मी तैनात

**कोलकाता :** बड़े दिन के मौके पर पार्क स्ट्रीट पूरी तरह रोशनी से सज चुकी है और क्रिसमस पर्व को देखते हुए यहां भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। पार्क स्ट्रीट के साथ-साथ मैदान और धर्मतला इलाके में भी लोगों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए कोलकाता पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया है। इस मौके पर सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए करीब 1500 पुलिसकर्मी सड़कों पर तैनात रहेंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में बांग्लादेश में जारी अस्थिर हालात और कुछ महीने पहले दिल्ली में हुए विस्फोट की घटना को देखते हुए इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। इसी कारण पार्क स्ट्रीट इलाके को सुरक्षा घेरे में लिया गया है और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। हर साल की तरह इस बार भी बड़े दिन पर पार्क स्ट्रीट में भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं। रोशनी सज्जा और एलन पार्क में होने वाले कार्यक्रमों को देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर और इंस्पेक्टर स्तर के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे। वर्दीधारी पुलिस के अलावा सादे कपड़ों में पुलिस, विशेष शाखा और महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है।

## यूपी विधानसभा : योगी सरकार ने यूपी के लगभग दोगुना मजरों तक पहुंचाई बिजली : एके शर्मा

एजेंसी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सपा की सदस्य डॉ. रागिनी के बिजली विभाग से जुड़े प्रश्न का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि 2017 तक यूपी के जितने मजरों में बिजली पहुंची थी, उसका लगभग दोगुना मजरों में हमारी सरकार ने बिजली पहुंचाई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में मजरों की संख्या नहीं बढ़ी है लेकिन बिजली की पहुंच ज्यादा मजरों में हो गयी है। इनके (सपा) समय मे एक लाख 28 हजार मजरों में बिजली थी। हमारे समय दो लाख 50 हजार मजरों में बिजली पहुंच चुकी है। इसके बाद भी मुझे लगा कि हो सकता है कि कुछ मजरों में बिजली न पहुंची हो, उसके लिए 20 हजार मजरों में विद्युतीकरण के लिए लगभग एक हजार करोड़ रुपये के बजट की संस्तुति की गयी है। हम सदन को आश्वस्त करते हैं कि यूपी का कोई भी ऐसा मजरा नहीं होगा जिसमें बिजली न हो। बिजली के खम्भे होंगे। बांस बल्ली पर बिजली तार नहीं होगा। सभी जगह खम्भे होंगे। अब जिन्हें बिजली दिख ही नहीं रही, उसके बारे क्या ही कहा जाए। सपा के सदस्य अनिल प्रधान के सवाल पर मंत्री एके शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर कहीं किसी परेशानी की कोई बात नहीं है। मेरे संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं आया जिसमें गलत बिजली बिल की कोई शिकायत सही साबित हुई हो। 55 लाख 62 हजार स्मार्ट मीटर लगे हैं। उनमें से 53 लाख मीटर पुराने मीटर उतारकर लगे हैं। उनसे कोई पैसा नहीं लिया गया गया है। नए कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगने पर ही पैसा लिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर की गुणवत्ता परखने के लिए पांच प्रतिशत स्मार्ट मीटर के साथ पुराने मैनुअल मीटर को भी लगाए रखा जाता है ताकि बिल का आंकलन किया जा सके। उसमें देखा गया कि बिजली बिल में कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है।

# हिमाचल के मंडी में तेंदुए का आतंक हमले में एक की मौत, पांच घायल

एजेंसी



**मंडी :** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला की बल्हघाटी बुधवार सुबह सुबह-सुबह आदमखोर तेंदुए की दहशत से कांप उठी है। आदमखोर तेंदुए ने एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया है जबकि पांच अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना के बाद स्थानीय विधायक इंद्र सिंह गांधी ने प्रशासन, वन विभाग और नेरचौक मेडिकल कालेज की लचर व्यवस्था पर कई सवाल खड़े किये। अभी भी माहौल चिंताजनक बने हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह एक तेंदुए ने बल्हघाटी के तीन अलग-अलग गांवों में जाकर लोगों पर हमले किए। सबसे पहले उसने चंडयाल में जाकर लोगों को अपना निशाना बनाया और उसके बाद भडयाल में जाकर दहशत फैलाई। इस दौरान उसने चार लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में मलवाणा गांव में एक युवक पर हमला करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान 40 वर्षीय बलवीर सिंह पुत्र थुंगु राम निवासी भ्यूली के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार यह प्रवासी युवक है जो मंडी में रहता है और यहां अपने रिश्तेदारों के पास आया हुआ था। वहीं घायलों में साहिब सिंह पुत्र जोगी मलदार निवासी बिहार, दीनानाथ पुत्र बिक्रम निवासी भडयाल, चंपा देवी पत्नी मनोज कुमार निवासी मलवाणा, जनित पुत्र दीनानाथ निवासी भडयाल और रेखा देवी पत्नी दीनानाथ निवासी भडयाल शामिल हैं। सभी घायलों का श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में उपचार चल रहा है।

### तेंदुए को लोगों ने मार गिराया

सुबह-सुबह हुई इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं, लोग भी हाथों में हथियार और डंडे लेकर अपनी सुरक्षा और तेंदुए को खदेडने के बिताया जा रहा है कि तेंदुए ने फिर से लोगों पर हमला किया और इस दौरान लोगों ने उसे मार गिराया। तेंदुए के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है और पांच अन्य लोग घायल हुए हैं जबकि तेंदुआ भी मारा गया है। मृतक और घायलों को प्रशासन की तरफ से फौरी राहत के साथ ही हरसंभव मदद प्रदान की जा रही है। डीसीएफ मंडी वासु डोगर ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गई थी और कार्रवाई शुरू कर दी थी। विभाग अपने स्तर पर भी सारे मामले की जांच कर रहा है।

## हिमाचल में कोहरे का कहर, लाहौल स्पीति में माइनस पारा

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौसम का दोहरा असर देखने को मिल रहा है। एक ओर ऊंचे और जनजातीय इलाकों में कड़ाके की ठंड के साथ पारा माइनस में पहुंच गया है, वहीं निचले और मैदानी जिलों में घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित किया है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन मैदानी व निचले इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। आगामी 28 व 30 दिसम्बर को उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फ गिरने का अनुमान है। लेकिन हिल स्टेशनों शिमला और मनाली में एक हफ्ते तक बर्फबारी होने के आसार नहीं हैं। बारिश-बर्फबारी न होने से राज्य में सुखी ठंड लोगों को परेशान कर रही है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान माइनस 6.2 डिग्री सेल्सियस और ताबो में माइनस 4.7 डिग्री दर्ज किया गया। इससे जलस्रोत जम गए हैं और सुबह-शाम ठंड का असर और तेज हो गया है। इसके अलावा कल्पा में न्यूनतम तापमान माइनस 0.6 डिग्री, मनाली में 2.3 डिग्री, सोलन में 2.4 डिग्री और पालमपुर में 3.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजधानी शिमला में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इसमें बीते 24 घंटों के दौरान गिरावट दर्ज की गई है, जबकि पर्यटन नगरी मनाली के पारे में भी कमी आई है। मंडी में न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री, बिलासपुर में 8.5 डिग्री, हमीरपुर में 6.8 डिग्री, ऊना में 6.6 डिग्री, नाहन में 8.1 डिग्री, धर्मशाला में 9.8 डिग्री, पांवटा साहिब में 9.0 डिग्री और नेरी में 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बैतूल में आज युवा संगम के तहत रोजगार मेले का आयोजन

एजेंसी

**बैतूल :** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज बुधवार को प्रातः 11 से 4 बजे तक आमला के शासकीय डॉ.भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में 14 प्रतिष्ठित कंपनी द्वारा अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों पर किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, रोजगार मेले में आयशर सीआईआई कौशल विकास पीथमपुर में ट्रेनीवर्कर के 100 पदों, वर्धमान फैब्रिक प्रा.लि.बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों, कुलोदय टेक्नोपैक प्रा.लि. दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिक, हेल्पर के 100 पदों तथा प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन भोपाल में ट्रेनी कर्मी के 50 पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इसके लिए योग्यता 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई होना आवश्यक है।

### शेयर बाजार हरे निशान पर खुला

# सेंसेक्स 121 अंक उछला

एजेंसी



**नई दिल्ली :** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 144 .16 अंक यानी 0.17 फीसदी उछलकर 85,669 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 36.30 अंक यानी 0.14 फीसदी की बढ़त के साथ 26,213.45 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 में से 21 शेयरों में तेजी कायम है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 शेयर्स चढ़ें हैं। एनएसई के मीडिया, मेटल और रियल्टी इंडेक्स ऊपर हैं, जबकि आईटी के शयरों में गिरावट है। वहीं, भारतीय मुद्रा रुपया भी शुरूआती कारोबार में 12 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.51 पर पहुंच गया। इसके अलावा एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 0.13 फीसदी ऊपर 4,122 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 0.093 फीसदी ऊपर 50,460 पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.097 फीसदी चढ़कर 25,799 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.24 फीसदी बढ़कर 3,929 पर कारोबार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बीएसई का सेंसेक?स 42.63 अंक यानी 0.050 फीसदी की गिरावट के साथ 85,524.84 के स?तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स?टॉक एक?सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 4.75 अंक यानी 0.018 फीसदी बढ़कर 26,177.15 के स्तर पर बंद था।

### न्यूज IN ब्रीफ

## एफटीए से भारतीय पेशेवरों के लिए विदेशों में अवसर खुलेंगे : राजेश अग्रवाल



**नई दिल्ली :** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से लेखाकार, चिकित्सकों तथा आर्किटेक्ट जैसे पेशेवरों के लिए विदेशों में अवसर खुलेंगे। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने प्रोफेशनल सेवाओं पर नई दिल्ली में 23 दिसंबर को वाणिज्य भवन में आयोजित एक ≈चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए यह बात कही। राजेश अग्रवाल ने ह्यवैश्विक क्षितिज का विस्तार: भारतीय पेशेवरों के लिए अवसरह्ण विषय पर आयोजित विचार-विमर्श सत्र को संबोधित करते कहा कि एफटीए के तहत प्रोफेशनल सेवाओं पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रतिबद्धताएं भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए ग्लोबल मार्केट खोलेंगी। अग्रवाल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए सेवाओं का व्यापार बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सामान के निर्यात की तुलना में सेवाएं घरेलू वैल्यू एडिशन में मजबूत योगदान देती हैं। उन्होंने कहा कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश पेशेवर सेवाओं की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने की अपार क्षमता रखता है। वाणिज?य सचिव ने कहा कि इस क्षमता का लाभ उठाने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना एवं पेशेवरों को बदलते वैश्विक बाजार की जरूरतों तथा प्रौद्योगिकी विकास के अनुरूप उन्नत कौशल से लैस करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) जैसे पेशेवर निकायों को ज्ञान साझा करने एवं बेहतर सहयोग के लिए मंच प्रदान करने हेतु अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करने और उनमें हिस्सा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। अग्रवाल ने ह्लभारतीय पेशेवर सेवाओं की खातिर वैश्विक बाजारों को खोलने के लिए हितधारकों के बेहतर समन्वय, घरेलू परिवेश में सुधार और विभिन्न मुक्त व्यापार समझौतों के तहत पेशेवर सेवाओं पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं के महत्व पर जोर दिया। वाणिज?य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि ह्यवैश्विक क्षितिज का विस्तार: भारतीय पेशेवरों के लिए अवसरह्ण विषय पर आयोजित विचार-विमर्श सत्रों के दौरान चार मुख्य मुद्दों, वैश्विक स्तर पर पेशेवर तैयार करना, पारस्परिक मान्यता समझौतों (एमआरए) तथा समझौता ज्ञापनों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय परिवहन को मजबूत करना, विदेशों में पेशेवरों के नेटवर्क का विकास, गठन एवं विस्तार और पेशेवर सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने पर विचार-विमर्श किया गया। मंत्रालय ने कहा कि भारत को विभिन्न मुक्त व्यापार समझौतों के तहत प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें हाल ही में न्यूजीलैंड के साथ घोषित समझौता भी शामिल है, जिसके तहत उसके पेशेवरों के लिए आसान नियम और वीजा सुविधा प्रदान की जाएगी। इस समझौते के तहत योग प्रशिक्षकों, रसोइयों, आयुष पेशेवरों, आईटी पेशेवरों, शिक्षा शिक्षकों, नर्स, देखभालकताओं जैसे लगभग 5,000 भारतीय पेशेवरों को न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था में योगदान देने के लिए पेशेवर वीजा मिलेगा।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने एलवीएम3-एम6 मिशन की सफलता पर जताया गर्व

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने एलवीएम3झ्रएम6 मिशन की सफल प्रक्षेपण यात्रा को देश के अंतरिक्ष इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण बताया। वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि इस मिशन के माध्यम से भारत की धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह ब्लूबर्ड-ब्लॉक-2 अंतरिक्षयान को उसके निर्धारित कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है, जो भारत की हेवी-लिफ्ट प्रक्षेपण क्षमता को नई मजबूती प्रदान करता है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान की तकनीकी क्षमता को दर्शाती है, बल्कि वैश्विक वाणिज्यिक प्रक्षेपण क्षेत्र में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को भी रेखांकित करती है। यह सफलता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का सशक्त उदाहरण है। सचदेवा ने इस असाधारण उपलब्धि के लिए देश के वैज्ञानिकों और अभियंताओं की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी और कहा कि उनके समर्पण और परिश्रम के कारण आज भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## रायपुर : अस्पतालों में अवकाश के दिनों में भी इमरजेंसी सेवाएं रहती हैं बहाल

**रायपुर :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर ने आज बुधवार को बताया है कि शासन के नियमानुसार रविवार और अन्य शासकीय अवकाश के दिनों में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और आपातकालीन ओपीडी का संचालन निरंतर किया जाता है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आपातकालीन ओपीडी मुख्य आपातकालीन कक्ष से संचालित किया जाता है। इस दौरान ड्यूटी पर चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स और अन्य आवश्यक स्टाफ उपस्थित रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अवकाश के दिनों में नियमित ओपीडी बंद रहती है, लेकिन आपातकालीन मामलों में मरीजों को अटेंड किया जाता है और जरूरत पड़ने पर उन्हें उच्च संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था भी उपलब्ध रहती है। अस्पतालों में जांच सुविधाओं के बारे में सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल ने बताया कि नियमानुसार 24७7 पैथोलॉजी जांच की सेवा केवल जिला अस्पतालों में अनिवार्य होती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को अवकाश के चलते एक्स-रे, सोनोग्राफी और अन्य नियमित पैथोलॉजी लैब की सेवाएं उपलब्ध नहीं रहती हैं । उन्होंने जानकारी दी है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी ) में भी रविवार और अवकाश के दिनों में प्रसव सुविधाएं सुचारू रूप से जारी रहती हैं।

## प्रत्येक उत्तराखंडी के लिए आदर्श हैं बडोनी : मुख्यमंत्री

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्वतीय गांधी और राज्य आंदोलनकारी इंद्रमणि बडोनी की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में उनके त्याग व सक्रिय सहयोग को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंद्रमणि बडोनी प्रत्येक उत्तराखंड के लिए आदर्श हैं। मुख्यमंत्री आवास में बुधवार को मुख्यमंत्री ने राज्य आंदोलनकारी इंद्रमणि बडोनी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष, त्याग और जनसेवा को समर्पित रहा है। उन्होंने उत्तराखंड राज्य आंदोलन को दिशा और जनशक्ति प्रदान की। उनके विचार, संकल्प और राज्यहित के प्रति निस्वार्थ सेवा भाव आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके आदर्शों पर चलते हुए उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सतत कार्य कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

## हरमू रोड स्थित श्याम बाबा का मंदिर श्रद्धा, निष्ठा और आस्था का स्थल है



**ज्योति पाठक :** रांची स्थित हरमू रोड़ पर स्थित श्याम बाबा का मंदिर भक्तजनोंऔर श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है। यूं तो प्रतिदिन भक्तजनोंऔर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है किंतु एकादशी के दिन श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण किया जाता है। राजधानी में अवस्थित श्याम बाबा का यह मंदिर काफी भव्य और आलौकिक है। प्रातः काल और संध्या बेला में भीषण ठंड के बावजूद भी लोगों की भीड़ देखते ही बनती है।खाटू श्याम बाबा के दरबार में आकर लोग काफी आनंदित होते हैं। लोग मंदिर पहुंचते ही एक स्वर में नारा लगाते हैं
हारे के सहारे की जय
खाटूश्यामजी की जय

## राष्ट्रीय सुंडी समाज के पदाधिकारियों ने पूर्व सांसद सूरज मंडल से की शिष्टाचार मुलाकात

**सरायकेला :** बुधवार को राष्ट्रीय सुंडी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष आमीन मंडल, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ मंडल एवं समाजसेवी सबुज चौधरी ने जमशेदपुर स्थित सर्किट हाउस में पूर्व सांसद एवं जैक के पूर्व उपाध्यक्ष झारखंड आंदोलनकारी सूरज मंडल जी से शिष्टाचार मुलाकात की।इस अवसर पर समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों, सामाजिक विकास, शिक्षा तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर सार्थक चर्चा की गई। बैठक के दौरान समाज के हित में मिलकर कार्य करने एवं आपसी सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया गया।पूर्व सांसद सूरज मंडल ने राष्ट्रीय सुंडी समाज के कार्यों की सराहना करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

वहीं समाज के पदाधिकारियों ने भी संगठन की गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं से उन्हें अवगत कराया। यह मुलाकात सामाजिक समरसता एवं समाज के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस आयोजित

**चाईबासा :** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, पश्चिम सिंहभूम के तत्वावधान में बुधवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम पुराना समाहरणालय के जिला उपभोक्ता आयोग परिसर में आयोजित किया गया ' इस कार्यक्रम में उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ,सदस्य देवश्री चौधरी, बार एसोसिएशन के सचिव फादर अगस्तीन कुल्लू समेत अधिवक्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रेलकर्मियों को प्रमोशन से होगा आर्थिक लाभ, बढ़ेगी सुविधा

**जमशेदपुर :** दक्षिण पूर्व जोन के विभिन्न विभागों में तीन दर्जन से ज्यादा रेल कर्मचारियों का प्रमोशन जल्द होगा। इससे रेल कर्मचारियों को जहां आर्थिक लाभ होगा, वहीं विभागीय सुविधा भी बढ़ेगी। रेलवे जोन ने प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू कर दी और इच्छुक रेल कर्मचारियों से आवेदन मांगा है। बताया जाता है कि रेल कर्मचारियों को प्रमोशन के लिए कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा देनी होगी। जानकारी के अनुसार इंजीनियरिंग विभाग में 11, इलेक्ट्रिकल में 7, वाणिज्य विभाग में 4, कार्मिक विभाग में तीन 3 समेत विभागों में प्रमोशन से रिक्त पद को भरने की प्रक्रिया शुरू है।

## बिष्टूपुर बाजार में पशुओं को पकड़ने का चला अभियान

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अक्षेस प्रशासन द्वारा बिष्टूपुर बाजार में आवारा पशुओं के नियंत्रण एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम द्वारा एक आवारा सांडों को सफलतापूर्वक पकड़ा गया।पकड़े गए सांड़ों को सुरक्षित रूप से टाटानगर गौशाला भेज दिया गया है, जहां उनकी उचित देखभाल की व्यवस्था की गई है। यह अभियान बाजार क्षेत्र में यातायात बाधा, दुर्घटनाओं की आशंका तथा आमजन को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया।

## हिन्दू सेना ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा उठाया

**जमशेदपुर :** हिंदू सेना के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित अत्याचार के मामलों पर संज्ञान लेने और इस विषय को केंद्र सरकार तक पहुंचाने की मांग की।संगठन की ओर से यह भी आग्रह किया गया कि जमशेदपुर में रह रहे विदेशी नागरिकों के सत्यापन की प्रक्रिया नियमानुसार की जाए और जो लोग अवैध रूप से निवास कर रहे हों, उनके मामलों में कानून के अनुसार कार्रवाई हो।इस अवसर पर हिंदू सेना के अजीत सिंह (भीम सिंह), द्वीपल विश्वास, संजीव आचार्य, ललन चौहान, संजीव सिंह, राहुल दुबे, माधव सिंह, विकास शर्मा, उमेश ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धनबाद में लूट के सामानों के साथ धरे गए तीन शातिर अपराधी

**धनबाद:** पुलिस ने चोरी और डकैती की वारदातों में शामिल रहे तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से चोरी और डकैती का सामान समेत वाहन बरामद किया गया है। वहीं अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी और डकैती में प्रयुक्त अधजले तांबे के तार और घटना में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिल बरामद की है। जिसके बाद तीनों को विधिवत तरीके से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया है कि 17 दिसंबर के दिन इन लोगों ने गोविंदपुर के देवली स्थित निशा फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में रखे केबल की चोरी की थी, चोरी के केबल को भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्तों का पूर्व में भी चोरी और डकैती जैसे संगीन मामलों का आपराधिक इतिहास रहा है। इनके द्वारा बताए गए दूसरे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### हजारीबाग में राष्ट्रीय महिला आयोग का दौरा

# 800 जिलों में लोकल कमेटी और आंतरिक शिकायत समिति को दिया जाएगा प्रशिक्षण

संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के लिए बेहद खास रहा। यहां दिनभर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर और उनकी तीन सदस्य टीम महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक की। जबकि दूसरी ओर नगर निगम में लोकल कमेटी और आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों के साथ संवाद स्थापित किया।

इस दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि महिला कार्यक्षेत्र में कैसे सुरक्षित रहे और उन्हें कैसे बेहतर माहौल दिया जा सके? ताकि देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहे। राष्ट्रीय महिला आयोग ने तय किया है कि पूरे देश के 800 जिलों में लोकल कमेटी और आंतरिक शिकायत समिति को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान हजारीबाग प्रमंडल के 7 जिलों का प्रशिक्षण जिले के नगर निगम सभागार में संपन्न हो गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लोकल कमेटी और आंतरिक शिकायत समिति को सक्रिय करना है। लोकल कमेटी (छउउ) और आंतरिक शिकायत समिति कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न पॉश एक्ट से निपटने के लिए बनी समितियां हैं, जो शिकायतकर्ता के लिए पहला निवारण मंच होती हैं, दोनों का उद्देश्य सुरक्षित कार्यस्थल बनाना है।

दरअसल, नई दिल्ली से हजारीबाग पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, सदस्य डेलिना खोंगडुप, डॉ। अर्चना मजूमदार और ममता कुमारी ने जिले में मैराथन बैठक में भाग लिया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में आयोग की टीम राज्य की प्रतिष्ठित संत कोलंबस कॉलेज में 'कैंपस




कॉलिंग प्रोग्राम' नगर निगम हजारीबाग सभागार में पॉश एक्ट के तहत स्थानीय समितियां एवं आंतरिक समितियों की क्षमता निर्माण को लेकर कार्यशाला और प्रमंडल स्तरीय वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ जिला समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की।

पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक के दौरान जिले में महिला उत्पीड़न के मामले और उनके निपटारे पर चर्चा हुई। इसके साथ ही इस बात पर भी जोर दिया गया कि महिलाओं के साथ अन्याय ना हो। पुलिस महिला उत्पीड़न के मामले में गहनता से जांच करे और न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

हजारीबाग पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और हजारीबाग प्रमंडल में पड़ने वाले सभी जिलों में महिलाओं की स्थिति और उनके खिलाफ अपराध पर चर्चा की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि आधी आबादी आज के समय में सेना, बैंक, पुलिस, विद्यालय समेत कई क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सेवा दे रही है। महिला सशक्तिकरण का अद्भुत नजारा 2025 में देखा है। 2026 महिलाओं का साल होगा। यहां आधी आबादी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ेगा। इसे लेकर समाज को काम करने की जरूरत है।

वहीं जिला समाज पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने बताया कि महिला आयोग की टीम का हजारीबाग में पहुंचना बेहद महत्व रखता है क्योंकि इसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई है और आने वाले समय में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर कई कार्यक्रम किए जाएंगे।

# पेसा कानून लागू, अब मेसा के लिए संघर्ष होगा : विजय शंकर नायक

संवाददाता

**रांची :** अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी स्वशासन की सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों की पूर्ण बहाली के बिना झारखंड का विकास अधूरा है। पेशा एक्ट 1996 को केवल कागजों पर लागू कर देने से ग्राम सभा, जलझजंगलझ जमीन तथा पारंपरिक स्वशासन की वास्तविक रक्षा संभव नहीं है, जब तक कि मेसा को भी समान रूप से लागू नहीं किया जाता।

उपरोक्त बाते आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पुएर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने पेसा बिल पारित होने पर अपनी प्रतिक्रिया में कही` इन्होने आगे कहा की भाजपा की 14 साल की पेसा बिल के प्रति उदासीनता आज बेनकाब हुई है` भारतीय जनता पार्टी झारखंड में लगभग 14 वर्षों तक सत्ता में रही, लेकिन पेसा कानून को लागू करने की जगह इसे जानबूझकर रोके रखा। यह न केवल संवैधानिक व्यवस्था के साथ अन्याय था, बल्कि आदिवासी समाज, ग्रामसभाओं और उनके अधिकारों के प्रति स्पष्ट रूप से विरोधी रवैया था। भाजपा ने सत्ता में रहते हुए आदिवासी हितों की रक्षा के बजाय उन्हें कमजोर करने का काम किया, जिसके कारण आज न्याय के लिए संघर्ष लंबा होना पड़ा।

श्री नायक ने आगे कहा की झारखंड में आदिवासी स्वशासन, ग्रामसभा की सर्वोच्चता और प्राकृतिक संसाधनों पर मूलवासी समुदायों



के अधिकारों को सुनिश्चित करने की लड़ाई ने निर्णायक मोड़ ले लिया है। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक द्वारा लगातार वर्षों से अधिक समय तक चलाए गए संघर्ष, नागरिक दबाव और हाई कोर्ट के न्यायिक हस्तक्षेप के कारण अब राज्य में पेसा कानून लागू होने की प्रक्रिया मजबूत और सुनिश्चित होती दिख रही है। देर से ही सही, न्याय की दिशा स्पष्ट हुई है। हाई कोर्ट के दबाव, जनता के विश्वास और हम लोगो के सतत संघर्ष ने यह संभव किया। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह वह अधिकार है जिसे 14 वर्षों तक भाजपा सरकारों ने रोके रखा। अब असली लड़ाई कानून बनाने की नहीं, बल्कि इसे और मेसा बिल को भी धरातल पर ईमानदारी से लागू कराने की है।

श्री नायक ने यह भी कहा कि भाजपा ने अपने पूरे कार्यकाल में ग्रामसभा के अधिकारों की अनदेखी की।

पांचवीं अनुसूची की भावना को कमजोर किया जल-जंगल-जमीन पर समुदाय के हक को सम्मान नहीं दिया और आदिवासी स्वशासन की ऐतिहासिक आवश्यकता को राजनीतिक कारणों से दबाए रखा इसलिए भाजपा को आज नैतिक रूप से आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड में 14 वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा ने पेसा कानून लागू नहीं किया। यह आदिवासी विरोधी सोच और संवैधानिक दायित्वों से मुंह मोड़ने का स्पष्ट प्रमाण है। यदि भाजपा सचमुच आदिवासियों की हितैषी होती, तो आज झारखंड में पेसा कानून वर्षों पहले लागू हो चुका होता।

विजय शंकर नायक ने कह कि– पेसा कानून केवल अधिनियम नहीं, आदिवासी मूलवासी समाज की अस्मिता का अस्तित्व है, ग्रामसभा को अधिकार देना लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना है सरकार अब किसी भी दबाव में पेसा को कमजोर न करे और साथ ही साथ मेसा बिल को भी पारित करने की दिशा में सकरात्मक ठोस पहल करे`इन्होने यह भी कहा की आदिवासी मूलवासी विरोधी नीतियों का विरोध और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

### झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का चुनाव सम्पन्न

# शादाब खान की टीम को मिली ऐतिहासिक जीत



संवाददाता

**रांची :** रांची प्रदेश युवा कांग्रेस का संगठनात्मक चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माहौल में सम्पन्न हो गया। इस चुनाव में प्रदेश महासचिव मो। शादाब खान के नेतृत्व वाली टीम ने शानदार और निर्णायक जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम सामने आते ही कांग्रेस कार्यकताओं और युवा साथियों में भारी उत्साह देखने को मिला।

चुनाव में मोहम्मद वसीम को रांची विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। वहीं मोहम्मद दिलशाद को हिन्दपीढ़ी प्रखंड अध्यक्ष, मोहम्मद अर्श को किशोरगंज प्रखंड अध्यक्ष तथा मोहम्मद वाजिद को अपर बाजार प्रखंड अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

प्रदेश महासचिव मो। शादाब खान ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत संगठन की मजबूती, युवाओं के विश्वास और कांग्रेस की विचारधारा की जीत है। उन्होंने कहा कि नई टीम पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगी।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व और युवा कांग्रेस के सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए युवाओं को संगठन से जोड़ने, जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने और कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

चुनाव परिणाम के बाद कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और कांग्रेस पार्टी के समर्थन में नारे लगाए।

# उल्दा मुख्य सड़क जर्जर, लोगों का हाल बदहाल

संवाददाता

**गालूडीह :** उल्दा पंचायत के उल्दा मुख्य सड़क वर्षों से जर्जर बनी हुई है। इससे इस मुख्य सड़क के किनारे बसे गांव के लोगों का रहना दुश्वार हो गया है।गांव के लोगों का कहना है कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ती है जिसमें धोबोडांगा गांव होते हुए सुसनीगडिया , वहीं जमाई पाडा , बड़बिल,जोड़सा और कमारीगोडा गांव है। इस सड़क से काफी लोगों का आना जाना लगातार होता है और गाड़ियों का भी आना जाना लगातार होता रहता है। इसके चलते मिट्टी नुमा और जर्जर सड़क होने के कारण सड़क के किनारे बने घर सभी धुलमय हो जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क में कई जगह गड्ढे हैं। बरसात में तो सड़क



पर चलना दुश्वार हो जाता है। क्या कहते हैं ग्रामीण पेलाराम महतो ने कहा कि यह उल्दा मुख्य सड़क एन एच से सटा हुआ है और इसी रास्ते से कई गांवों को जोड़ती है।यह सड़क वर्षों से जर्जर स्थिति में है। खैरा माहली ने कहा कि सड़क कुछ ही जगह बनी थी उसके बाद लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क मिट्टीनुमा है जो गाडियां चलने से धुल भर जाता है। सोनिया माहली ने कहा कि वर्षों से सड़क की स्थिति जस का तस बना हुआ है ।जनप्रतिनिधियों ने आज तक कोई ध्यान नहीं दिया । रामलाल सोरेन ने कहा कि गांव में ही सरकारी और प्राइवेट विधालय है जहां बच्चों को रोजाना लाना ले जाना पड़ता है सड़क के चलते हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। रामनाथ महतो ने कहा कि सड़क के किनारे घर है ठंड में सड़क किनारे बैठना उठना बहुत मुश्किल है गाड़ियों का आना जाना लगातार जारी रहता है। पुरनो चंद्र महतो ने कहा कि 15-20 साल पहले लगभग 500 मीटर सड़क बनी थी वह पुरी तरह जर्जर हो गई है। लेकिन जो मिट्टी नुमा सड़क है वह आज तक नहीं बना।

# मस्ती की पाठशाला के 150 बच्चों ने भरी हवाई उड़ान

**जमशेदपुर :** क्रिसमस की पूर्व संध्या पर एयर इंडिया एक्सप्रेस और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से मस्ती की पाठशाला के लगभग 150 बच्चों और उनके अभिभावकों को हवाई सैर कराई गई। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रांची-रांची की 45 मिनट की विशेष जॉय फ्लाइट में समाज के हाशिए पर रह रहे बच्चों ने पहली बार विमान यात्रा का अनुभव किया। कचरा चुनने, ट्रेनों में सफाई करने और घरेलू काम से जुड़े रहे इन बच्चों के लिए यह उड़ान नई उम्मीद और आत्मविश्वास लेकर आई। मस्ती की पाठशाला की ओर से बताया गया कि वर्तमान में 904 बच्चों को शिक्षा देकर मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

# उप श्रमायुक्त कार्यालय के सामने इस्पात मजदूर मोर्चा का धरना-प्रदर्शन

संवाददाता

**बोकारो :** इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) ने केंद्र सरकार के खिलाफ से आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। इसके तहत इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) से जुड़े सदस्यों ने मंगलवार को बोकारो के उप श्रमायुक्त कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

इस दौरान मजदूर संगठन से जुड़े सदस्यों ने कहा कि केंद्र सरकार ने श्रम कानूनों में बदलाव कर मजदूरों को पिसने और कुचलने के लिए छोड़ दिया है। सरकार ने मजदूरों के हित वाले नियमों में बदलाव किया है। इस कारण हम सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को विवश हो गए हैं।

मौके पर उपस्थित इस्पात मजदूर मोर्चा के



महामंत्री आरके गौराई ने केंद्र सरकार पर मजदूरों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने श्रम कानूनों में बदलाव किया है। इससे सरकार की मंशा उजागर हुई है। सरकार साफ तौर पर मजदूरों का शोषण करना चाहती है। जिसे इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन के माध्यम से अभी तो सरकार को चेतावनी दी जा रही है, लेकिन अगर सरकार नहीं जगी तो मजदूर दमनकारी नियम के खिलाफ हम आर-पार की लड़ाई के लिए बाध्य होंगे।

इस्पात मजदूर मोर्चा के महामंत्री आरके गौराई ने कहा कि ट्रेड यूनियनों ने मजदूरों के हित के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी थी। जिसके बाद अंग्रेजों के जमाने के नियमों को बदला गया था, लेकिन अब फिर से केंद्र सरकार वही नियम मजदूरों का शोषण करने के लिए लाना चाहती है। सरकार की इस नीति को इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इसके लिए मजदूरों को संगठित कर लड़ाई लड़ी जाएगी।